इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -137 राजनांदगांव, बुधवार 03 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## भ्रामक विज्ञापन मामले में रामदेव को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, हलफनामा दायर करने का दिया आखिरी मौका



नई दिल्ली। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद एमडी आचार्य बालकृष्ण शीर्ष अदालत पहुंचे। इस दौरान अदालत ने दोनों को उचित हलफनामा दाखिल नहीं करने और नियमों को अनदेखी करने के लिए फटकार लगाई और कहा कि आपको इस मामले में हलफनामा दायर करना चाहिए था।

### 10 अप्रैल को होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को एक हफ्ते में हलफनामा दाखिल करने का आखिरी मौका दिया। साथ ही आदेश दिया कि अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने पतंजलि के एमडी के हलफनामे में दिए बयान को भी खारिज कर दिया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स (मैजिक रेमेडीज) एक्ट पुराना है.

### हर आदेश का सम्मान होना चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि और आचार्य बालकृष्ण को अदालत के नोटिस का जवाब नहीं देने पर कहा कि यह पूर्ण अवहेलना है। सिर्फ सुप्रीम कोर्ट ही नहीं, देशभर की अदालतों से पारित हर आदेश का सम्मान होना चाहिए। आपको इस मामले में हलफनामा दायर करना चाहिए था। अदालत ने कहा कि आपको अदालत में दिए गए आश्वासनों का पालन करना होगा, आपने हर सीमा लांघकर रख दी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी मुठभेड़, 13 नक्सली ढेर, 10 शव बरामद, आंकड़े और आएंगे





बीजापुर। छत्तीसगढ़ में अब तक की सबसे बड़ी नक्सली मुठभेड़ बीजापुर में चल रही है। पिछले 11 घंटे से जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। वहीं अब तक 13 नक्सली मारे गए हैं। जिनमें 10 शव बरामद कर लिया गया है। यह पूरा मामला गंगालूर थाना क्षेत्र की है।

बस्तर आईजी सुंदराराज ने बताया कि सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि नक्सली लीडर पापा राव बीजापुर के सेंड्रा इलाके में मौजूद है। इसके बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान उनका सामना नक्सलियों की बड़ी टीम से हो गई। दोनों तरफ से फायरिंग होने लगी। फायरिंग का मुहंतोड़ जवाब देते हुए जवानों ने नक्सलियों को खदेड़ दिया। सर्च ऑपरेशन में डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा बस्तर फाइटर्स, बस्तरिया बटालियन और सीएएफ के जवानों की संयुक्त टीम भी शामिल थी। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। साथ ही नक्सलियों के शवों को बीजापुर मुख्यालय लाने की तैयारी की जा रही है। सबसे अच्छी बात यह रही कि इस मुठभेड़ में जवानों की तरफ से कोई हताहत नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार मुठभेड़ सुबह से जारी है। करीब 45 से 50 मिनट तक फायरिंग चली है। फायरिंग का जवाब देते हुए जवानों ने दोपहर तक 4 नक्सलियों को ढेर किया था। वहीं अब खबर मिल रही है कि 13 और नक्सलियों को जवानों ने मार गिराया है।

### नक्सल अभियान में साल की सबसे बड़ी सफलता

छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में शांतिपूर्ण मतदान के लिए लोकसभा क्षेत्र के सभी नक्सल प्रभावित इलाकों में जवानों को तैनात किया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में भी लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है जिसके चलते आज साल की सबसे बड़ी सफलता मिली है। बस्तर में नक्सलियों का टीसीओसी महिला चल रहा है। बीते कुछ दिनों से नक्सलियों का आतंक बढ़ गया है। आए दिन यहां मुठभेड़ हो रही है। जिसके चलते जवानों ने पिछले एक हफ्ते के अंदर कुल 17 नक्सलियों को ढेर किया है। जिसमें 16 नक्सली बीजापुर और एक सुकमा में मारा गया है।

## आप सांसद संजय सिंह को 6 माह जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट से मिली ज़मानत



नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले मामले में संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से 6 महीने के बाद अब जमानत मिल गई है. कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट जमानत की शर्तें तय करेगा. इस जमानत को मिसाल नहीं माना जाएगा. ईडी ने भी जमानत का विरोध नहीं किया और कहा कि उन्हें जमानत दी जा सकती है. अब संजय सिंह राजनीतिक गतिविधियां कर सकेंगे. पिछली सुनवाई में संजय सिंह के लिए पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय के मुख्य गवाह दिनेश अरोड़ा ने पहले अपने 9 बयानों में संजय सिंह का नाम नहीं लिया था. संजय सिंह को डेढ़ साल बाद गिरफ्तार किया गया. सिंघवी ने कोर्ट में कहा था कि अप्रूवर की गवाही तब तक विश्वसनीय नहीं होती, जब तक उसकी पुष्टि न हो जाए. 19 जुलाई 2023 को अप्रूवर बने दिनेश अरोड़ा के बयान में पहली बार संजय सिंह का नाम आया. यहां तक कि 164 के बयान में भी नाम नहीं लिया था. संजय सिंह ने ईडी के खिलाफ (मानहानि) शिकायत की, और फिर ईडी ने बिना किसी समन के उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

### हाईकोर्ट ने 7 फरवरी को संजय सिंह की जमानत की थी खारिज

हाई कोर्ट ने सात फरवरी को सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, लेकिन निचली अदालत को सुनवाई शुरू होने पर इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया था. सिंह दिल्ली से राज्यसभा के लिए फिर से चुने गए हैं. प्रवर्तन निदेशालय ने संजय सिंह को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'यह बुरी आदतें, ऐसा नहीं करना चाहिए'; केजरीवाल की गिरफ्तारी पर दूसरे देशों की टिप्पणी पर जयशंकर की दो टूक



अहमदाबाद। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका और जर्मनी के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी की टिप्पणी के बारे पूछे गए सवाल पर विदेश मंत्री जयशंकर ने दो टूक शब्दों में कहा कि देशों को दूसरों के आंतरिक मामलों पर राजनीतिक बयान देने से बचना चाहिए। अगर कोई देश भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करता है तो उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। यह एक बुरी आदतें है, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।

### आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने पर मिलेगा जवाब

जयशंकर ने कहा कि कुछ शिष्टाचार, परंपराएं और प्रथाएं है, जिनका अंतरराष्ट्रीय संबंधों में पालन किया जाना चाहिए। अगर कोई देश भारत की राजनीति पर टिप्पणी करता है, तो उन्हें हमसे बहुत मजबूत जवाब मिलेगा और यही हुआ है। हम दुनिया के सभी देशों से ईमानदारी से अपील करते हैं कि दुनिया के बारे में आपके अपने विचार हों, लेकिन किसी भी देश को दूसरे देश की राजनीति पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है, खासकर ऐसी स्थितियों में। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सभी देशों के बीच एक निश्चित मर्यादा है- एस जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने साफ कर दिया है कि उसे ऐसे बयानों पर आपत्ति है। उन्होंने कहा कि मैं बहुत स्पष्ट रूप से कहूंगा कि ये पुरानी आदतें है, ये बुरी आदतें है। उन्होंने कहा कि देशों के बीच एक निश्चित मर्यादा है। हमें एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, हमें एक-दूसरे की राजनीति के बारे में टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

## पायलटों की कमी से जूझ रही विस्तारा एयरलाइंस की कई उड़ानें रद्द, यात्री हुए परेशान



नई दिल्ली। एयर इंडिया के साथ विलय के एयरलाइन के फैसले के बाद नए अनुबंध की शर्तों के विरोध में कई पायलटों के छुट्टी पर रहने के कारण मंगलवार को विस्तारा की कुल 52 उड़ानें रद्द कर दी गई। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया, विस्तारा के पायलट्स द्वारा एक साथ छुट्टी पर चले जाने का अनुरोध कंपनी की तरफ से पेश किया गया नया सैलरी स्ट्रक्चर है

अप्रैल में लागू हुए नए अनुबंध की शर्तों के तहत, विस्तारा के पायलटों को 70 घंटों की बजाय अब 40 घंटों के लिए एक निश्चित वेतन दिया जाएगा। यह बदलाव टाटा समूह की एयरलाइनों में अपनाई गई मानकीकृत सैलरी स्ट्रक्चर के अनुरूप है। कई ऑफिसर्स को डर है कि इस समायोजन से उनकी कमाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पिछले कुछ दिनों से पायलटों की चल रही सामूहिक छुट्टी के कारण कई उड़ानें या तो रद्द हुई हैं या देरी से चली हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को विस्तारा एयरलाइंस से उड़ानें रद्द और देरी से चलने के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, मंत्रालय विस्तारा उड़ान रद्द होने की स्थिति पर नजर रख रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महुआ मोइत्रा की बढ़ी मुश्किलें, कैश फॉर क्वेरी मामले में ईडी ने दर्ज किया मनी लॉन्ड्रिंग का केस



नई दिल्ली। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ती जा रहा है. कैश फॉर क्वेरी मामले में ईडी ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. ईडी की तरफ से टीएमसी नेता के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया है. गौरतलब है कि इस मामले में लोकपाल के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पहले से ही जांच कर रही है. लोकपाल ने सीबीआई को छह महीने में रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया था.

फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के मामले में मोइत्रा से सोमवार को ईडी पूछताछ करने वाली थी. लेकिन उन्होंने एजेंसी को चिट्ठी लिखकर पेशी के लिए 21 दिन की मोहलत मांगी थी. हालांकि, ईडी ने महुआ मोइत्रा को एक्सटेंशन देने से इनकार कर दिया था. जांच एजेंसी ने मोइत्रा को नया समन जारी किया है और उन्हें 7 दिन बाद पूछताछ के लिए बुलाया है.

### महुआ की चली गयी थी लोकसभा की सदस्यता

पिछले साल टीएमसी सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा पर महंगे गिफ्ट्स और पैसे लेने के बदले में संसद में कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर सवाल पूछने के आरोप लगाए थे. महुआ मोइत्रा पर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगा था. जांच में दोषी पाए जाने पर महुआ को 8 दिसंबर 2023 को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था.

### कृष्णानगर सीट से टीएमसी ने महुआ को बनाया है प्रत्याशी

तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से एक बार फिर महुआ मोइत्रा को ही उम्मीदवार बनाया है. इस बार महुआ मोइत्रा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकसभा के 225 वर्तमान सांसदों के विरुद्ध क्रिमिनल केस



पार्टीवार कलंकित सांसदगण भाजपा में सर्वाधिक

भारतीय जनता पार्टी के 294 में से सर्वाधिक 118 वर्तमान सांसदों पर क्रिमिनल केसेज चल रहे हैं। उसके बाद कांग्रेस के 46 में से 26, डीएमके के 19 में से 8, जनता दल युनाइटेड के 16 में से 12, और वायएसआर कांग्रेस के 17 में से 8 सांसदों का समावेश होता है।

गंभीर क्रिमिनल केसों का सामना कर रहे वर्तमान सांसदों में भी भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान सांसदों में भाजपा के 294 में से सर्वाधिक 87 सांसद शामिल है। जबकि कांग्रेस के 46 में से 14, डी.एम.के. के 24 में से 7, टी.एम.सी. के 19 में से 4, जदयु के 16 में से 8 और वायएसआर कांग्रेस के 17 में से 7 सांसद शामिल है।

## देश में भाजपा का मतलब 'विकास व समाधान' और कांग्रेस का मतलब हर बीमारी की जड़ - पीएम मोदी



जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर कटाक्ष करते हुए हुए मंगलवार को कहा कि यह पहला आम चुनाव है जिसमें परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार को बचाने के लिए रैलियां कर रही हैं. उन्होंने कहा कि सारे भ्रष्टाचारी भ्रष्टाचार पर कार्रवाई रोकने के लिए रैलियां कर रहे हैं.

मोदी कोटपूतली में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा,''यह पहला ऐसा चुनाव है जिसमें परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार को बचाने के लिए रैलियां कर रही हैं. यह पहला ऐसा चुनाव है जिसमें सारे भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे है. मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वे कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ. उन्होंने कहा, ''आज देश में भाजपा की मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत और ज्यादा बढ़ गई है. मैं परिवारवादी पार्टियों व उनके भ्रष्टाचार पर सवाल उठाता हूं इसलिए मैं उनके निशाने पर हूं. प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी मौज करने के लिए नहीं जन्मा है, बल्कि मेहनत करने के लिए जन्म लिया है. उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में जो कुछ हुआ, वह तो सिर्फ एक झांकी है और अभी बहुत कुछ करना बाकी है तथा देश को बहुत आगे लेकर जाना है. कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा,''आज देश में भाजपा का मतलब है कि विकास व समाधान. कांग्रेस का मतलब है हर बीमारी की जड़.

उन्होंने कहा, ''जनता के दरबार में हार चुका 'इंडी गठबंधन' अब कैसे मनसूबे पाल चुका है, इसकी भी झलक लगातार देखने को मिल रही है. ये पहला ऐसा चुनाव है जिसमें कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता खुद

## मुंबई में टूटा इंडी गठबंधन! कांग्रेस नेता का दावा- उद्धव की शिवसेना में अब वो दम नहीं, सारी सीटें हारेगी



मुंबई। महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद पवार) के महाविकास अघाडी गठबंधन में कई लोकसभा सीटों को लेकर रस्साकशी चल रही है। जिसमें मुंबई की भी दो सीटें शामिल है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने मुंबई की छह में से पांच लोकसभा सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है।

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब सिर्फ 17 दिन बचे हैं, लेकिन जोरदार प्रचार और शक्ति प्रदर्शन तो छोड़िए, अभी तक विपक्षी गठबंधन ने 12 सीटों पर उम्मीदवार भी तय नहीं किया है। इससे राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस बीच कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने बड़ा दावा किया है। निरुपम ने कहा कि मुंबई में उद्धव ठाकरे के सभी पांच उम्मीदवार हार जाएंगे, क्योंकि उनकी ताकत अब पहले जैसी नहीं रही है।

संजय निरुपम ने मुंबई में कांग्रेस और उद्धव गुट के बीच लोकसभा सीटों का बंटवारा बराबर न होने पर नाराजगी जताई है। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, मैं अभी यह भविष्यवाणी कर रहा हूं... मुंबई में किसी भी सीट पर उद्धव की शिवसेना नहीं जीतेगी। यह मेरा चैलेंज है। 2022 से पहले वाली शिवसेना अब नहीं रह गई है... फूट पड़ने से दमखम घटा है। लेकिन इस बारे में बिना सोचे-समझे ठाकरे गुट ने मुंबई की पांच लोकसभा सीटें मांग लीं। लेकिन उन सभी सीटों पर उनकी हार होगी।

### संजय राउत की मूर्खता का विरोध नहीं करते

संजय निरुपम ने उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत पर भी निशाना साधा है। निरुपम ने कहा, संजय राउत ने पहले अपनी शिवसेना पार्टी को खत्म किया, फिर एनसीपी को खत्म किया और अब वह कांग्रेस पार्टी को खत्म करने में लगे हैं। एक भी कांग्रेसी नेता संजय राउत की मूर्खता का विरोध नहीं करता।

### सीट शेयरिंग पर उठाये सवाल

वर्तमान समय में प्रत्येक पार्टी के वोट बैंक को देखते हुए कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। क्योंकि शिवसेना और एनसीपी दो ध?ों में बंट गई हैं। लेकिन सीट शेयरिंग के दौरान किसी ने इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर..)

## कल्पना सोरेन चुनाव लड़ेंगी? सीएम चंपई बोले- एक हफ्ते में होगा निर्णय



रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद हैं। इधर लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनाव सिर पर हैं और झारखंड मुक्ति मोर्चा के थिंक टैंक में लगातार मंथन चल रहा है। झारखंड के सीएम चंपई सोरेन का कहना है कि हेमंत के साथ अन्याय हुआ है।

### कल्पना सोरेन पर एक सप्ताह में होगा निर्णय

झारखंड मुक्ति मोर्चा के अंदरखाने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को लेकर लगातार बातचीतों का दौर चल रहा है। इस बात पर लगातार मंथन हो रहा है कि कल्पना सोरेन को गांडेय विधानसभा से उम्मीदवार बनाया जाए या नहीं। इसके जवाब में सीएम चंपई सोरेन का कहना है कि एक सप्ताह के भीतर इसका फैसला हो जाएगा। अगर कल्पना सोरेन विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद जीत हासिल करती हैं, तो वह झारखंड की मुख्यमंत्री बनेंगी? इस सवाल के जवाब में चंपई सोरेन ने कहा कि यह फैसला पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन समेत पार्टी के नेता लेंगे।। बता दें कि राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ गांडेय विधानसभा में भी 20 मई को उपचुनाव होगा। गांडेय विधानसभा सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हो गई थी। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि कल्पना इस सीट से चुनाव लड़ सकती हैं।

### कल्पना सोरेन ने भाजपा पर लगाया साजिश रचने का आरोप

4 मार्च को गिरिडीह जिले में झामुमो का 51वां स्थापना दिवस समारोह था। इस मौके पर कल्पना सोरेन ने अपने संबोधन में कहा था कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के इस सांसद ने बदला पाला, आज उद्धव ठाकरे की पार्टी हो जाएंगे शामिल



नई दिल्ली। महाराष्ट्र के जलगांव से भाजपा सांसद उन्मेश पाटिल ने पाला बदल लिया है। भाजपा से टिकट कटने के बाद उन्होंने बुधवार को शिवसेना-यूबीटी का दामन थामने का फैसला किया है। जल्द ही वह अपना नामांकन दाखिल करेंगे। दरअसल, मंगलवार को पाटिल ने जलगांव के कई स्थानीय नेताओं के साथ सेना-यूबीटी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और संजय राउत से मुलाकात की थी।

### सात लाख वोट से जीते थे 2019 का चुनाव

2019 के लोकसभा चुनाव में उन्मेश पाटिल रिकॉर्ड सात लाख वोट हासिल करके जलगांव से चुने गए थे। पाटिल लोकसभा में जिले के कई लंबित मुद्दों को सुलझाने में सफल रहे है। भले ही मतदाता उनके काम से खुश थे, लेकिन नेताओं ने उन्हें दूसरा मौका न देने का फैसला किया, क्योंकि उन्हें डर था कि इससे पार्टी में उनका कद बढ़ जाएगा।

इसके बजाय, भाजपा ने जलगांव निर्वाचन क्षेत्र से स्मिता वाघ को टिकट दिया। इससे पाटिल के समर्थक नाराज हो गए और पार्टी बदलने का फैसला लिया गया। मंगलवार सुबह सबसे पहले उन्मेश पाटिल ने शिवसेना नेता संजय राउत से मुलाकात की, उसके बाद मातोश्री में पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि वह 'जय श्री राम' के नारे के साथ बीजेपी को अलविदा कहकर शिवसेना (यूबीटी) में शामिल हो रहे हैं।

# बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को झटका, हाईकोर्ट ने रद्द की नियुक्तियां, डीएड आवेदकों को शामिल करने का आदेश

बिलासपुर। राज्य शासन ने विज्ञापन जारी कर सहायक शिक्षक के पदों के लिए बीएड डिग्री को भी मान्यता दी थी।इसे डीएड डिग्री धारकों ने चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी

हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों के पद पर बीएड डिग्रीधारी आवेदकों की नियुक्ति निरस्त कर दी है।साथ ही 6 सप्ताह में डीएड धारकों की पुनरीक्षित सूची बनाने का आदेश दिया है। राज्य शासन ने विज्ञापन जारी कर सहायक शिक्षक के पदों के लिए बीएड डिग्री को भी मान्यता दी थी।इसे डीएड डिग्री धारकों ने चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 29 फरवरी को सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर दिया था, जिसे मंगलवार को जारी किया गया।



राज्य शासन ने मई 2023 को प्राइमरी स्कूल में सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किए थे। इसमें आवेदक को बीएड डिग्री या डीएड डिप्लोमा होना अनिवार्य किया गया था। परीक्षा आयोजित कर जुलाई में परिणाम घोषित कर अगस्त में नियुक्ति आदेश जारी किया गया। इस परीक्षा में बीएड डिग्री धारी उम्मीदवारों का मैरिट के आधार पर चयन हुआ। इसके खिलाफ डीएड डिप्लोमा धारकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने सुनवाई के बाद भर्ती पर स्टे लगाया था।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हुई थी नए सिरे से सुनवाई

भर्ती पर स्टे के दौरान ही डीएड डिप्लोमा वाले एक उम्मीदवार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में एक मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले का उल्लेख किया। इसमें राजस्थान सरकार ने प्राइमरी स्कूलों में शिक्षक के पद पर भर्ती में डीएड को मान्य किया है। इसके अलावा केंद्र सरकार की अधिसूचना को भी चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की अधिसूचना को गलत ठहराया और भर्ती पर स्टे को निरस्त करते हुए हाईकोर्ट को मामले में नए सिरे से सुनवाई कर निर्णय का निर्देश दिया था। इस पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की।

### फैसले में सहायक शिक्षक पद के लिए बीएड को अनुपयुक्त माना कोर्ट ने

29 फरवरी 2024 को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच में अंतिम सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित किया था। आज फैसला जारी करते हुए कोर्ट ने बीएड डिग्री को सहायक शिक्षक पद के लिए अनुपयुक्त माना है। साथ ही जिन बीएड डिग्री धारी अभ्यार्थियों की नियुक्ति सहायक शिक्षक के पदों पर हो चुकी है उन्हें भी सेवा से पृथक करने के निर्देश जारी किए हैं। रिक्त हुए पदों के लिए डीएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों की पुनरीक्षित सूची जारी करने के निर्देश दिए हैं।

### बीएड डिग्री धारकों की हस्तक्षेप याचिका पर भी हुई थी सुनवाई

चयनित बीएड डिग्री वाले अभ्यर्थियों को पक्षकार नहीं बनाने पर उन्होंने अलग से हस्तक्षेप याचिका दायर की थी। कोर्ट ने उनका पक्ष भी सुनकर फैसला जारी किया है।

# आयुक्त सुबह पहुॅचे टांकाघर : जल, मोटर एवं विद्युत विभाग का किया आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। प्रातः भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता टाकाघर का आकस्मिक निरीक्षण कर जल, विद्युत एवं मोटर विभाग के प्रभारियों से उनके कार्यो के संबंध में जानकारी लिये, उन्होंने मोटर विभाग के प्रभारी सुरेन्द्र साव से चालक, टैंकर तथा जे.सी.बी. आदि के बारे में जानकारी ली, श्री साव ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से बड़े टैंकरों से जनता कालोनी व अन्य सम्पवेल में, प्रधानमंत्री आवास के अलावा रेवाडीह, पेण्ड्री आदि के टंकियों में पानी की सप्लाई की जाती है, इसके अलावा छोटे टैंकरों से मांग अनुसार वार्डो में एवं आयोजनों में सप्लाई की जाती है, स्वास्थ्य विभाग के कार्यो के लिये जे.सी.बी. टिप्पर, टेक्टर भी सुबह निकल जाते है तथा डिवाईडर एवं पेड पौधें में सिचाई की जाती है।



आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सभी कर्मचारी प्रातः जल्दी काम पर आकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करे एवं शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करे।

उन्होंने जल विभाग श्री सेवाराम व श्री सोमनाथ से कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन, गंदे पानी आने, कम पानी आने आदि का यथासंभव जल्द निराकरण करे, आवश्यक सामाग्री का भंडारण रखे ताकि ग्रीष्म ॠतु में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने विद्युत प्रभारी श्री किशन गावरे से कहा कि कर्मचारी सुबह जल्दी वार्डो में जाकर लाईट मरम्मत करे तथा लाईट संबंधी शिकायतो का त्वरित निराकरण करे, आगामी नवरात्रि त्यौहार को ध्यान में रखते हुये शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करे। निरीक्षण में प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव, उप अभियंता श्री दीपक महला आदि उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा लवकुमार रामटेके हुये सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। हाईकोर्ट अधिवक्ता व संस्थापक, मानव अधिकार फाउंडेशन लवकुमार रामटेके का 02 अप्रैल को छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन ने अपने वार्षिक सम्मेलन तिल्दा नेवरा में केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन टंकराम वर्मा व अनुज शर्मा विधायक धरसींवा (छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार) ने होली मिलन व सम्मान समारोह के आयोजन में प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय सम्मान किया।



### कांग्रेस की कमजोर नामांकन रैली से जनता का रुख दिखने लगा - रघुवीर वाधवा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के कार्यालय एवं प्रचार सामग्री प्रभारी रघुवीर वाधवा ने आज राजनांदगांव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी भूपेश बघेल की नामांकन रैली को देखकर कहा कि रैली काफी फिकी रही एवं उपस्थिति के दृष्टि से कार्यकर्ताओं का अभाव रहा। इस प्रकार निरुत्साहित उपस्थित से सिद्ध हो चुका है कि यहां के कार्यकर्ताओ में बाहरी प्रत्याशी होने पर काफी नाराजगी हैं। अब यह चुनाव में स्पष्ट हो जाएगा की जनता का रुख क्या होगा।

श्री वाधवा ने कहा कि भूपेश बघेल के राजनांदगांव से चुनाव लड़ने से यहां के कार्यकर्ताओं में घोर निराशा का वातावरण है, जिसका परिणाम यह है कि आज नामांकन रैली में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति कमजोरी रही और जब भूपेश बघेल नामांकन दाखिल करने जिला कार्यालय के भीतर गए तब वहा स्थानीय नेताओं की उपस्थिति का अभाव था, सभी स्थानीय नेता बाहर कर दिए गए थे और वहां बाहरी नेताओं को जगह दी गई, जिससे सिद्ध होता है कि भूपेश बघेल बाहरी नेताओं के भरोसे चुनाव लड़ना चाहते हैं, परंतु यह कदापि नहीं हो सकता। राजनांदगांव संस्कारधानी नगरी में स्थानीय कार्यकर्ताओं की अवहेलना जनता सहन नहीं करेगी और राजनांदगांव के साथ किए गए अन्याय के कारण भूपेश बघेल को जनता सबक सिखायेंगी।

### श्रीमती ललिता श्रीवास्तव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शान्तिनगर निवासी श्रीमती ललिता श्रीवास्तव पति किशोर श्रीवास्तव का आकस्मिक निधन आज 2 अप्रैल दिन मंगलवार को रात्रि 7.40 बजे हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल बुधवार को प्रातः 10.30 बजे निज निवास गली नंबर 5 से लखोली मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। वे अभिलाषा के प्राचार्य दिलीप श्रीवास्तव की बुआ थी।

# छत्तीसगढ़ टैक्स बार कौंसिल का वार्षिक सभा सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ टैक्स बार कौसिंल का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन बिलासपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रदेश के रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी जगदलपुर, अम्बिकापुर, जांजगीर चांपा बार एसोसिएशन से अधिवक्ता कर सलाहकार एवं सीए सम्मिलित हुये।




**राजनांदगांव से भागवत साहू उपाध्यक्ष, मनमोहन साहू सचिव, अशोक साहू प्रचार सचिव बने**

अधिवेशन में विगत दो वर्षो का आय व्यय प्रस्तुत किया गया। जीएसटी की विसंगतियों पर चर्चा कर छत्तीसगढ़ मूल्य सवंर्धितकर की सरल समाधान योजना के तिथि बढ़ाने के लिये प्रस्ताव पारित किया गया।

वार्षिक अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के समस्त बार के सदस्यगण जिनकी इस क्षेत्र में प्रेक्टिस 20 वर्ष या 20 वर्ष से अधिक सेवा दे चुके है, को कौंसिल द्वारा सफल परामर्शदाता एवं सक्रिय अभिभाषक के रूप में विक्रयकर, वाणिज्यिकर एवं मूल्य सवंर्धित कर अधिनियम, जीएसटी की निष्पक्ष मीमांसा तथा गत दो दशकों की अवधि में संगठन के सतत मार्गदर्शन एवं सदस्यों के ज्ञानवर्धन में स्तुत्य योगदान के लिये राजनांदगांव टैक्स बार से अधिवक्ता अशोक साहू, शेख सीमाभ कुरैशी को अभिनंदन पत्र एवं 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सदस्यों बृजकिशोर सुरजन, विनोद सदानी, सुरेश गांधी, महेश कुमार शर्मा, जिनेश जैन, प्रकाश सांखला, सुरेश एच. लाल, रमेश सोनछत्रा, व्ही.आर.वासुदेवन, रामचंद राठी, सुगनचंद सांखला, महादेव सिंह ठाकुर का शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ टैक्स बार कौसिंल का वार्षिक अधिवेशन पश्चात आगामी सत्र के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें दुर्ग से अखिलेश मिश्रा अध्यक्ष रायपुर से शिवकुमार सोनी महासचिव एवं राजनांदगांव से अधिवक्ता भागवत साहू उपाध्यक्ष, मनमोहन साहू सचिव, अशोक साहू प्रचार सचिव निर्विरोध चुने गये। टैक्स बार एसोसिएशन राजनांदगांव के अध्यक्ष कमल किशोर साहू सचिव सुमित चौरसिया के नेतृत्व में बिलासपुर अधिवेशन में अधिवक्ता प्रकाश सांखला, महेश प्रसाद शर्मा, भागवत साहू, मनमोहन साहू, हिरेन्द्र देवांगन, अशोक साहू यशवंत देशमुख, ढालसिंह साहू, लोकेश अग्रवाल, येनेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता सीए सम्मिलित हुये।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में प्रवेशोत्सव के दिन खिले बच्चों के चेहरे



राजनांदगांव (दावा)। शहर के मध्य स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट (आई.सी.एस.ई बोर्ड अंग्रेजी माध्यम) एवं डॉ. जे. बी. सिंह मेमोरियल स्कूल (सी.बी.एस.ई बोर्ड अंग्रेजी माध्यम) लाल बाग में नई स्फूर्ति एवं उत्साह के साथ शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाला के प्रशासक संजय बहादुर सिंह, शाला के एकेडेमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य मधुसूदन नायर ने बच्चों का उत्साह पूर्वक स्वागत किया। सर्वप्रथम तिलक एवं अक्षत लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया इस अवसर पर बालवाटिका एवं प्राथमिक शाला में बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई।

**शाला में बच्चों को तिलक लगाकर मनाया गया प्रवेशोत्सव**

जानकारी के अनुसार प्रवेशोत्सव के लिए शाला परिवार ने सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली थी। बालवाटिका की कक्षाएं आकर्षक ढंग से सजाई गई तथा प्राइमरी की कक्षाओं एवं अन्य कक्षाओं में अलग-अलग विषयों से संबंधित चार्ट द्वारा उन्हें आकर्षक बनाया गया इस अवसर पर शिक्षक वृंद द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें विषय साइंस से संबंधित बातें, जनरल नॉलेज, न्यूज़ हैडलाइन आदि में शिक्षक वृंद ने प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम को बुलंदी पर ले जाने में सहयोग किया। एकेडेमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य मधुसूदन नायर ने बच्चों से मुखातिब होते हुए कहा कि नये उत्साह एवं उमंग के साथ नई कक्षा में प्रवेश लेकर बच्चों को ऊंचाइयां छूने के लिए हर संभव प्रयास करना है। उन्होंने अभिभावकों से भी इस स्कूल का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। यह संस्था जिले की एकमात्र संस्था है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात संस्था है। यहां के बच्चे देश-विदेश में बड़ी-बड़ी कंपनियों में कार्यरत है, यहां का वार्षिक परीक्षा परिणाम हमेशा ही उत्कृष्ट रहा हैं।

संस्था में विशेष छूट के साथ प्रवेश प्रारंभ है। आई.सी.एस.ई. बोर्ड में कक्षा नवमी से विषय चुनने का प्रावधान है जिससे बच्चा 11वीं कक्षा तक आते-आते समझ जाता है कि उसे यह विषय आगे भी पढ़ना है अथवा उसमें कठिनाई होने पर वह 11वीं में विषय परिवर्तन कर सकता है। यहां ह्यूमैनिटीज विषय में भी पढ़ाई की सुविधा है, कॉम्पिटेटिव एक्जाम के लिए यहां की पढ़ाई बहुत ही सहयोग प्रदान करती है। प्रवेशोत्सव के दौरान शाला प्रबंधन के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। रॉयल किड्स परिवार सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद देता है।

## भाजपा के विधानसभा प्रभारी, सहप्रभारी एवं समन्वयक की घोषणा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा की प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव अभियान को और अधिक गति प्रदान करने के लिए पार्टी के लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव ने विधानसभा स्तर पर प्रभारियों सहप्रभारियों एवं समन्वयकों के नियुक्ति की घोषणा की हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजनांदगांव विधानसभा के लिए पूर्व संसद अभिषेक सिंह को प्रभारी व लीलाधर साहू को सहप्रभारी घोषित किया हैं, इसी प्रकार डोंगरगांव विधानसभा के लिए दिनेश गांधी प्रभारी, चंद्रिका डडसेना सहप्रभारी व भरत वर्मा को समन्वयक बनाया गया हैं, इसी तरह खुज्जी विधानसभा के लिए रवींद्र वैष्णव प्रभारी, लक्ष्मी भाटिया सहप्रभारी व श्रीमती गीताघासी साहू को समन्वयक की जवाबदारी दी गई हैं, डोंगरगढ़ विधानसभा के लिए सुरेन्द्र सिंह बन्नोआना प्रभारी तथा भागवत शरण सिंह सहप्रभारी व रामजी भारती एवं विनोद खांडेकर समन्वयक की जिम्मेदारी निभाएंगे। मोहला-मानपुर विधानसभा के लिए श्रीमती नम्रता सिंह प्रभारी, नरसिंह भण्डारी सहप्रभारी व संजीव साह समन्वयक होंगे।

खैरागढ़ विधानसभा के लिए कोमल जंघेल प्रभारी, खम्मन ताम्रकार सहप्रभारी व विक्रांत सिंह समन्वयक रहेंगे, कवर्धा विधानसभा के लिए रामकुमार भट्ट प्रभारी व राजेन्द्र चंद्रवंशी सहप्रभारी घोषित किए गए हैं, पंडरिया विधानसभा के लिए विधायिका श्रीमती भावना बोहरा प्रभारी व सीताराम साहू सहप्रभारी रहेंगे, विज्ञप्ति में उपरोक्त नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं।


## गर्मी की अधिकता के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुबह 7 बजे से सुबह 11 बजे तक

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण ग्रीष्मकाल में आंगनबाड़ी केन्द्रों संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मात्र ग्रीष्मकाल की अवधि 8 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 6 घण्टे से घटाकर 4 घण्टे किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुबह 7 बजे से सुबह 11 बजे तक किया जाएगा। ग्रीष्मकाल समाप्ति के बाद 16 जून 2024 से पुनः आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुबह 9.30 बजे से अपरान्ह 3.30 बजे तक 6 घण्टे के लिए किया जाएगा।

## सनातन धर्म सभा द्वारा नवरात्रि पर भव्य शोभायात्रा 9 को

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव सनातन धर्म सभा सेवा परिवार द्वारा 9 अप्रैल को नए वर्ष चैत्र नवरात्रि के दिन बालाजी मंदिर गंज लाइन से तो दोपहर 2 बजे हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। संस्कारधानी राजनांदगांव के सभी सर्व हिंदू समाज और सभी सामाजिक व धार्मिक हिंदू संगठनों से अनुरोध किया गया कि वह अपने-अपने समाज में अपने-अपने संगठनों में एक आवश्यक बैठक लेकर हम सब के हिंदू नववर्ष चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल को बालाजी मंदिर गंज लाइन में पूरे परिवार सहित, मित्रों सहित माथे पर तिलक लगाकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर हिंदू एकता का परिचय देकर धर्म लाभ लेवें। शोभायात्रा में महिलाए साड़ी और युवतियां सुट पहनकर शामिल होने कहा गया है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
राजा खान की खुशबू फिल्म वर्ल्ड की प्रस्तुति
चाहत
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - आकाश सोनी, यास्मीन जायसवाल




ता. 5 से मेरी मां कर्मा
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एनबीआईएस बोरी की छात्रा को द्वितीय स्थान

राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी की कक्षा तीसरी की छात्रा रेहत बग्गा ने अबेकस वैदिक एंड मेंटल मैथ्स ओलंपियाड 2023-24 की परीक्षा में नेशनल व इंटरनेशनल लेवल पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर, शाला परिवार को गौरवांवित किया। ज्ञात हो कि उपर्युक्त परीक्षा दिसंबर 2023-24 को आयोजित किया गया था, जिसमें शाला के 59 बच्चों ने अपनी सहभागिता दी थी।



इस परीक्षा में शाला के 9 बच्चे का चयन नेशनल लेवल के लिए हुआ था। जिसमें प्रथम रैंक में शाला के पलक जोशी व निकुम अग्रवाल रहे। द्वितीय रैंक में संमृद्धि जैन व श्रैनिक जैन रहे। तीसरे रैंक में शाला के वंदित पारख तथा अमृत भिमनानी रहे। चौथे रैंक में प्रखर सोनी तथा सातवें रैंक में दीपल चौरसिया रही। अबेकस की इस परीक्षा में पलक जोशी एवं निकुम अग्रवाल को नेशनल लेवल में प्रथम स्थान आने पर दो-दो हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर शाला की रेहत बग्गा, समृद्धि जैन और श्रैनिक जैन को एक-एक हजार तथा तृतीय स्थान पर अमृत भिमनानि एवं वंदित पारख को पाँच-पाँच सौ रुपये की राशि स्कॉलरशिप के रुप में आयोजक समिति द्वारा प्रदान किया गया। बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी, साथ ही बच्चों को आगे की प्रतियोगी परिक्षाओं में सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला की अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान तथा शिक्षकगण ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगी परीक्षा के सफल आयोजन में प्रतियोगी परीक्षा प्रभारी शिक्षक रमाकांत साहू का विशेष सहयोग रहा।

# देश में जितने भी तरह के बुराईयां आज चल रही है वह सभी के जननी कांग्रेस पार्टी है- अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेता अशोक चौधरी ने में एक बयान में कहा कि देश में जितने भी तरह के बुराइयां आज चल रही है वह सभी के जननी कांग्रेस पार्टी है देश में आतंकवाद हो जातिवाद हो एक खास समुदाय की तुष्टिकरण हो भ्रष्टाचार हो सभी की मां कांग्रेस पार्टी है।

जिसने समय समय पर अपने फायदे के लिए सबको बढ़ावा दी दिया जिसका परिणाम आज भारत की जनता भोग रही है सिख आतंकवाद को श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए भिंडरावाला के माध्यम से बढ़ावा दिया जो आज तक भारत को परेशान कर रही है एक खास समुदाय की तुष्टिकरण का जीता जाता हुआ उदाहरण मुख्तार अंसारी के मौत पर जो की एक कुख्यात गैंगस्टर आतंकवादी था जिसके ऊपर 18 हत्या सहित 61 गंभीर प्रकरण में अपराध दर्ज है जिसे दो बार आजीवन कारावास एवं सात बार अलग-अलग जेल की सजा सुनाई गई है उस मुख्तार अंसारी के लिए कांग्रेस पार्टी सहित सभी विपक्षी दल छाती पीट रहे हैं जहां तक सवाल भ्रष्टाचार का हो इसके सबसे पहले पोशक पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रथम प्रधानमंत्री रहे हैं उनके समय में उजागर हुए भाखड़ा नांगल डेम में कथित सीमेंट घोटाला एवं सेना में जीप घोटाला के ऊपर पर्दा डालने का काम पंडित जवाहरलाल ने किया था आज भ्रष्टाचार कांग्रेस के एक-एक सांस में विद्यमान है राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी भूपेश बघेल के ऊपर शराब घोटाला महादेव सट्टा अप का 508 करोड़ का घोटाला में केस दर्ज है उन्हें हारने का डर इस कदर व्याप्त है कि अपने लोकसभा सहित सभी लोकसभा में 375 प्रत्याशी खड़े करने का प्लान बना रहे हैं, राजनांदगांव को खंडहर बनाने की चेष्टा करने वाले भूपेश बघेल बताएं कि 5 साल मुख्यमंत्री रहने पर राजनांदगांव को क्या दिया है बल्कि प्रदेश स्तर के साथ कार्यालय दुर्ग और रायपुर ले गए अपने भेंट मुलाकात में उन्होंने बीएनसी मिल की जगह जूट मिल खोलने का घोषणा करने वाले भूपेश बघेल ने बजट में इसकी चर्चा तक नही की न ही एक रूपए का प्रावधान किया। राजनांदगांव की जनता को सब याद है और श्री बघेल को अवश्य सबक सिखायेगी।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-6-9
880-6 338-4
राजधानी
4-7-9
236-1 400-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# प्रदेश का वातावरण भाजपामय हो चुका है - विजय शर्मा

**0 भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे 4 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे**

**0 6 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह कवर्धा में आमसभा लेंगे**




राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा आज महाजन वाड़ी, भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 6 अप्रैल को देश के गृहमंत्री अमित शाह का कवर्धा आगमन हो रहा है। वे यहा विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे, श्री शाह के आगमन से भाजपा के सर्वाधिक मतों से विजयी होने का मार्ग प्रशस्त होगा, उन्होंने कहा की नेताओं को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हो रहा है, इससे भाजपा की जीत सुनिश्चित होने वाली है।

प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी संतोष पांडे 4 मार्च को नामांकन भरेंगे, इसके लिए लखोली नाका के समीप शिवनाथ वाटिका में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की विशाल आमसभा होगी एवं रैली निकलेगी जिसकी व्यापक तैयारियां संसदीय क्षेत्र से प्रारंभ हो चुकी है। क्षेत्र के सभी मंडलों से कार्यकर्ताओं के आगमन की सूचना प्राप्त हो रही हैं, एवं इसके लिए मंडल स्तर पर मैराथन बैठक चल रही हैं।

रैली एवं आम सभा में छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ मंत्रिमंडल के अनेक सदस्य एवं प्रदेश के दिग्गज पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे। एक पत्रकार द्वारा आज कांग्रेस की नामांकन रैली में विपक्ष के नेता चरणदास महंत की अशोभनीय टिप्पणी पर सवाल पुछा गया जिसमें श्री महंत के द्वारा भगवान श्री राम पर टिप्पणी के संदर्भ में प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस प्रारंभ से ही भगवान श्रीराम एवं सनातन संस्कृति पर ओछी टिप्पणी करती आ रही है, तथा इसी कांग्रेस पार्टी ने कोर्ट में हलफनामा देकर भगवान श्री राम एवं रामायण को काल्पनिक बताया था।

बीजापुर में हुई नक्सली घटना के संदर्भ में प्रश्न पूछे जाने पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारे जवान आमजनों की सुरक्षा के लिए इस क्षेत्र में तैनात हैं, दो दिन पहले हमारे जवानों ने छः नक्सलियों को ढेर किया था। नक्सली खासकर भाजपा नेताओं को निशाना बना रहे हैं, भाजपा सरकार की योजना है कि बस्तर के गांव-गांव तक शासन की योजना पहुंचे, साथ ही बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, सड़क, आंगनबाड़ी सभी की सुविधा मिले। गृहमंत्री ने कहा कि खेद का विषय है की कांग्रेस शासन काल में 5 वर्षों तक बस्तर का विकास नहीं हुआ, एक भी सड़क का कार्य नहीं किया गया, इससे नक्सलियों की हिम्मत बड़ी रही। भाजपा सरकार आते ही विकास कार्य शुरू होने से नक्सली बौखला गए और आज भाजपा सरकार द्वारा नक्सलियों के उन्मूलन का कार्य तेजी से हो रहा है, हमारे जवान नक्सलियों को ढेर कर रहे हैं। बीजापुर की घटना इसका परिणाम है, उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बस्तर में 5 वर्षों तक कांग्रेस सरकार की कार्यशैली अब समझ में आ रही हैं।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान के लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव का माहौल भाजपा के अनुकूल है, कवर्धा पंडरिया से लेकर मोहला मानपुर तक भाजपा के कार्यकर्ता लक्ष्य को साधने के लिए पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं, इससे भाजपा की बड़ी जीत सुनिश्चित है, भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे 2 लाख मतों से विजयी होंगे।

प्रेस वार्ता के दौरान सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे, नारायण चंदेल, भूपेंद्र सवनी, मधुसूदन यादव, संजय श्रीवास्तव भरत वर्मा, रामजी भारती, अमित चिमनानी, नीलू शर्मा, योगेश दत्त मिश्रा, अशोक लोहिया एवं अमर लालवानी उपस्थित थे।

# निगम आयुक्त अधिकारियों के साथ बसंतपुर में प्रगतिरत निर्माण कार्य एवं साफ सफाई देखी



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिदिन वार्ड भ्रमण की कडी में आज निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ वार्ड नं. 46 बसंतपुर में प्रगतिरत निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य जल्द पूर्व करने एवं साफ-सफाई देख सफाई में गुणात्मक सुधार के अधिकारियो को निर्देश दिये।

बसंतपुर में साफ सफाई का जायजा लेकर सुलभ के सामने कचरा पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल सफाई करने प्रभारी को निर्देश दिये, सुलभ शौचालय में ठीक से साफ सफाई रखने, दरवाजे में कुंदा लगाने, आवश्यक व्यवस्था करने संचालक को निर्देशित किये। बसंतपुर तालाब के पास की गंदगी साफ करने, नाली नालों की नियमित सफाई कर कचरा उठवाने, उपस्थित कर्मचारियों की हाजरी रजिस्टर से मिलान करने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक को निर्देशित किये।

बसंतपुर में निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान तालाब में बाउण्ड्रीवाल व टो वाल निर्माण तथा रेलिंग लगाने के काम में गति लाकर जल्द पूर्ण कराने के निर्देश प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिह यादव को दिये। उन्होंने क्लब चौक की गलियों में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण तथा गंज मण्डी के बाजू नाला निर्माण का निरीक्षण कर नियमित रूप से पानी डालने ठेकेदार को निर्देशित करने तथा शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो की उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें।

**पेयजल सप्लाई की नागरिकों से ली जानकारी**

आयुक्त श्री गुप्ता ने बसंतपुर में पानी आने के संबंध में घर वालों से जानकारी लिये कि पानी समय पर आता है कि नही, महिलाओं ने बताया कि सुबह शाम पर्याप्त एवं साफ पानी आता है, गर्मी में थोडा कम पानी आता है। आयुक्त ने उनसे कहा कि पानी का आवश्यकता अनुसार उपयोग करे एवं छानकर व उबालकर पानी पीये। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता दीपक महला व जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने दाखिल किया नामांकन, जीत का किया दावा, भूपेश बघेल पर बोला हमला



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव को लेकर आज भाजपा प्रत्याशी और सांसद संतोष पांडे ने राजनंदगांव कलेक्टरेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल और भाजपा नेता सुरेश लाल मौजूद रहे। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए जीत का दावा किया, वहीं कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

मीडिया से बातचीत करते हुए संतोष पांडेय ने कहा कि आज भाजपा के नेताओं के मौजूदगी मैने फॉर्म भर दिया है, चार तारीख को एक रैली और सभा का आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश के दिग्गज नेता भी शामिल होंगे। भूपेश बघेल पर निशाना चाहते हुए उन्होंने कहा कि आपने जो काम किया उसके कारण ही जनता ने आपको निपटा दिया यह उसी का हश्र है।

नामांकन के बाद संतोष पांडेय ने कहा कि जनता के साथ आपने क्या-क्या किया राजनांदगांव की जनता बहुत अच्छे से जानती है और 26 तारीख को वोट के रूप में बदलेगा और आपको पता चल जाएगा। वहीं एक भाजपा नेता की हत्या में आरोपी आदिवासी नेता के ठिकानों से असलहा बारूद बरामद होने के मामले में गिरफ्तारी को लेकर उन्होंने कहा कि सभी को पता है कि वह नेता किस तरह की बयान बाजी करता था उसका वीडियो भी सभी के पास है। वहीं उन्होंने भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम हाउस में उसकी अंदर तक एंट्री थी भूपेश बघेल के पिता उसे अपना दूसरा बेटा मानते थे।

# जमीन के अंदर गाड़कर रखे हुये अवैध शराब पुलिस ने की बरामद



राजनांदगांव (दावा)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब परिवहन और बिक्री पर राजनांदगांव पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। इस तारतम्य में घुमका पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र मे आरोपी के कब्जे से कुल 336 पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब जप्त की है। बताया जाता है कि आरोपी ने उक्त शराब को जमीन के अंदर गाड़ कर रखा था। पुलिस ने कुल 60.480 लीटर, शराब तथा बिक्री की 480 रुपये नगद रकम जप्त की व आरोपी के विरुद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

बताया जाता है कि थाना घुमका पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही के तहत अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है उसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगाव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में घुमका पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम को एक अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बाटगांव निवासी आरोपी मनमोहन गेन्द्रे के द्वारा अपने घर के पीछे खेत में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब को जमीन में गाड़कर रखा हुआ है सूचना पर साइबर सेल टीम एवं थाना घुमका पुलिस के द्वारा तत्काल मौके में पहुंचकर आरोपी मनमोहन गेन्द्रे के द्वारा अपने घर के पीछे खेत की जमीन के अंदर गाड़कर रखे हुये भारी मात्रा में शराब को बरामद किया गया और आरोपी मनमोहन गेन्द्रे के कब्जे से 336 पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब 60.480 लीटर कीमती 40,320 रूपये एवं बिक्री रकम 480 रुपये जप्त किया गया।

# शक्तिकेन्द्रों की बैठक लेने पहुचे जिपं. सदस्य राजेश श्यामकर



राजनांदगाव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने बखत रंगकठेरा शक्तिकेंद्र और डुमरडीह कला शक्तिकेंद्र के 12 बूथों कि बैठक ली। श्री श्यामकर ने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि हर बूथ में सभी कार्यकर्ताओं को संतोष पाण्डेय बनकर जाना है। क्योंकि लोकसभा का क्षेत्र बहुत बड़ा होता है हर बूथ में हर मतदाताओं से मिलना सम्भव नही होता है। इसलिए सभी बूथ अध्यक्षों को स्वयं संतोष पाण्डेय बनकर जाना है। और अपने बूथ को जिताना है। बूथ जीते तो चुनाव जीते। जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने आगे बूथ अध्यक्षों से कहा कि जो लाभार्थी है जिसको लाभ मिला है उनसे चर्चा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं को हरेक मतदाताओं तक पहुंचाना है। श्री श्यामकर ने अध्यक्षों को ये भी कहा कि कोई भी मतदाता कांग्रेसियों के बहकावे में न आए। कांग्रेसियों द्वारा ग्रामीण मतदाताओं को भ्रमित किया जा रहा है कि चुनाव के बाद महतारी वंदन का राशि नही मिलेगा। राजेश श्यामकर ने स्पष्ट करते हुवे कहा कि ये मोदी कि गारंटी और विष्णुदेव कि सरकार है चुनाव के बाद भी सभी माताओं के खाते में प्रतिमाह महतारी वंदन कि राशि डाल दी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से घुमका मंडल महामंत्री परदेशी सोनबोइर, सरपंच संघ अध्यक्ष नोमेश वर्मा, गणेश साहू, तिलेश्वर सिन्हा, गुलाब वर्मा, बेदूराम साहू, महेश वर्मा, गोपाल साहू, बिसन साहू, कामता साहू, दयाल साहू, ललित यादव, अग्रवाल, चिंता अग्रवाल, होस साहू, अशोक सिन्हा, जीवन धनकर, सोनसाय साहू, धनेश साहू, हरक वर्मा, लेखराम वर्मा सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**कहा सभी संतोष पाण्डेय बनकर जाए मतदाताओं के पास**

**गांव-गांव में महिलाएं ले रहीं वोट वचन**

# लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने बिहान की महिलाएं ला रही जागृति




**स्वीप अंतर्गत ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता के लिए किया जा रहा कार्य**

राजनांदगांव (दावा)। स्वीप अंतर्गत ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता के लिए कार्य किया जा रहा है। लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बिहान की महिलाएं जागृति ला रहीं हैं। मतदान करने के लिए ग्रामवासियों को घर-घर दस्तक देकर प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में बिहान योजना अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा ग्राम एवं संकुल संगठन स्तर पर मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचित सिंह के निर्देशन में स्वसहायता समूह की लगभग 6300 से अधिक महिला सदस्यों द्वारा अविभाजित राजनांदगांव जिला के 9 विकासखंड के 53 ग्राम संगठन द्वारा वोट वचन का शपथ किया जा चुका है। वोट वचन में महिलाओं द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 26 अप्रैल को वोट देकर अपने मताधिकार का उपयोग करने, साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पडोसियों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित करने का शपथ ले रहीं है। इसके साथ ही स्वसहायता समूहों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

# नम्रता सिन्हा का नवोदय में चयन



बेलगांव (दावा)। विकासखंड के आयुर्वेद ग्राम बेलगांव स्थित राजीव गांधी मेमोरियल स्कूल की छात्रा कुमारी नम्रता सिन्हा का चयन डोंगरगढ़ नवोदय विद्यालय हुआ है। नम्रता पिता दुर्गा प्रसाद सिन्हा (शिक्षक) माता विजय लक्ष्मी सिन्हा की सुपुत्री है। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर नम्रता सिन्हा के मार्गदर्शक नवोदय कोचिंग मुसरा निवासी दीनदयाल साहू व परिवार जनों एवं ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आज से तीरंदाजी खेल के लिए टैलेंट सर्च शिविर प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। तीरंदाजी की प्रतिभावान खिलाड़ियों की तलाश करने विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। यह शिविर 7 अप्रैल तक अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में शाम 4 से 6 बजे तक चलेगा। शिविर में 10 वर्ष से लेकर 17 वर्ष की बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्हें विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है।

जिला खेल एवं युवक कल्याण राजनांदगांव, स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरी वेलफेयर फाउंडेशन एवं संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव के सहयोग से नए तीरंदाजी खिलाड़ियों की खोज के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सीनियर कोच राहुल साहू ने बताया गया कि शिविर में किसी भी स्कूल के बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। इन्हें एनआईएस प्रशिक्षक राहुल साहू एवं कुशल रजक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस कैंप में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिला खेल एवं युवक कल्याण राजनांदगांव एवं संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव के सहयोग से विगत कई वर्षों से इस तरह के कैंप लगातार लगाया जा रहा है। उसी का परिणाम है कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव से तीरंदाजी खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर स्कूल गेम्स, सीबीएसई गेम्स, केन्द्रीय विद्यालय गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, ओपन गेम्स में जोन, स्टेट एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों को एनआईएस कोच राहुल साहू एवं कुशल रजक द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

**0 5 दिवसीय शिविर में तराशे जाएंगे नए खिलाड़ी**

**0 संस्कारधानी तीरंदाजी संघ का प्रयास**

# वर्ष 2023-24 में माल लदान से 1673 करोड़ तथा टिकट चेकिंग से 21.87 करोड़ अर्जित

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मण्डल द्वारा विभिन्न चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए अपने सर्वाधिक लदान एवं अपने बेह्तर प्रदर्शन को बरकरार रखते हुये श्रीमती नमिता त्रिपाठी- मंडल रेल प्रबंधक के कुशल नेतृत्व में वर्ष 23-24 के दौरान मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कीर्तिमान स्थापित किया है।

**वर्ष 23-24 में सर्वाधिक माल लदान के बदौलत निर्धारित लक्ष्य से लदान में 5.40: तथा आय में 56.36 अधिक**

### माल लदान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मण्डल के द्वारा माल लदान के क्षेत्र में अपने शानदार प्रदर्शन के परिणाम स्वरूप वर्ष 23-24 में 15.81 मिलीयन टन माल लदान किया गया है जिसके फलस्वरूप 1673 करोड़ रु अर्जित किया गया, जो कि पिछले वर्ष 22-23 की तुलना में 49.86 प्रतिशत लदान में तथा 65.97 प्रतिशत आय में अधिक है साथ ही मुख्यालय द्वारा वर्ष 23-24 के लिए निर्धारित लक्ष्य से लदान में 5.40 प्रतिशत तथा आय में 56.35 प्रतिशत अधिक है। लदान में प्रमुख रूप से कोयला, मैगनीज ओर, इस्पात-लोह, फ्लाइएश, खाद्यान आदि शामिल है।

### टिकट चेकिंग

टिकट चेकिंग क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन के कारण वर्ष 23-24 में विभिन्न गाड़ियों तथा रेलवे स्टेशनों में चलाये गए टिकट जांच अभियानों से बिना टिकट/अनियमित यात्रा तथा बिना बुक किए गए लगेज के कुल 490820 मामलें से 21.87 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

### पार्सल लदान

पार्सल लदान के अंतर्गत वर्ष 23-24 में कुल 15,880 टन पार्सल लदान से 4 करोड़ 56 लाख आय हुई जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 11.66 प्रतिशत लदान में तथा 10.45 प्रतिशत आय में वृद्धी को दर्शाती है।

### गैर किराया राजस्व

वर्ष 23-24 के लिए मुख्यालय द्वारा गैर किराया राजस्व (एनएफ आर) हेतु 1.50 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था उसे हासिल करते हुये मण्डल द्वारा इस क्षेत्र में 1.69 करोड़ रुपये अर्जित किया गया, जो मुख्यालय द्वारा वर्ष 23-24 के लिए निर्धारित लक्ष्य से गैर किराया राजस्व में 12.66 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई जबकि पिछले वर्ष की तुलना में गैर किराया राजस्व से 56.48 प्रतिशत अधिक दर्ज करने में सफलता मिली है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेल नागपुर मंडल अपने ग्राहकों और भागीदारों को उनके अटूट विश्वास के लिए आभार व्यक्त करता है और भारतीय रेल में नागपुर मंडल अपनी भूमिका अदा करने और देश के उद्योग की वृद्धि और समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए समर्पित है।


# कांग्रेस अपने को संविधान व कानून से ऊपर न समझे- भाजपा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा शहर दक्षिण मण्डल के अध्यक्ष तरुण लहरवानी, उत्तर मण्डल के अध्यक्ष अतुल रायजादा एवं ग्रामीण मण्डल के अध्यक्ष रोहित चंद्राकार ने पिछले दिनों कांग्रेस के स्थानीय नेताओं द्वारा देश के आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी के खिलाफ टैक्स चोरी के मामले में की गई कार्यवाही के विरुद्ध मसाल रैली पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की कांग्रेस का यह कार्य उनकी हताशा एवं निराशा को प्रकट करता हैं। देश कानून व संविधान से चलता हैं, जिसकी देख-रेख न्यायपालिका करती हैं। पिछले 6 दशक तक देश में एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी व उसके नेताओं को यह भ्रम हो गया था, की वे देश व संविधान से भी ऊपर हैं, जिसकी वजह से राजनैतिक पार्टी के रूप में देश के प्रति अपने कर्तव्यों को तो भूल ही गए थे, तथा कानून व नियमों की भी धज्जियां उड़ाया करते थे। जब देश में मोदी जी की सरकार का अभ्युदय हुआ तब से देश को कानून व संविधान से चलाने की कोशिश हो रही हैं। कानून से बड़ा कोई नहीं हैं, इस दृष्टिकोण को सामने रखकर सरकारी एजेंसियों को खुली छूट दी गई और एजेंसियां कानून का राज स्थापित करने के लिए दोषियों पर कार्यवाही करना प्रारंभ किया तो कानून व संविधान से अपने आपको ऊपर समझने वाले लोगों के पेट में दर्द होना स्वाभाविक हो गया।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा नेताओं ने आगे कहा की भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मोदी जी की जीरो टारलेस नीति से भ्रष्टाचारी भयभीत व परेशान हैं। ईडी व आईटी के छापों में करोड़ों-करोड़ नगद बरामद हो रहें हैं, भ्रष्टाचारी जेल के सीखचों में बंद दिखाई दे रहें हैं, तो संविधान व कानून को खतरा बताकर रैलियाँ निकाल कर जनता को दिगभ्रमित करने की कोशिश की जा रही हैं,

भाजपा नेताओं ने रैली निकालने वाले कांग्रेस नेताओं को चुनौती देते हुए कहा की यदि वे पाक साफ हैं तो देश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था सुप्रीम कोर्ट ने आयकर विभाग की कार्यवाही रोकने के लिए कांग्रेस द्वारा दायर की गई याचिका को खारिज क्यों कर दिया तथा आयकर विभाग की कार्यवाही पर रोक क्यों नहीं लगाई। इसका मतलब साफ है कि कांग्रेस पार्टी एवं उनके लोगों ने करोड़ों रुपये की कर चोरी की हैं, आयकर विभाग की कार्यवाही के बाद यह साफ हो गया है की इस मामले में कांग्रेस पूरी तरह दोषी हैं। तब टैक्स पटाने के बजाय कांग्रेस के लोग हो हल्ले के जरिएं सच को छुपाने की नाकाम कोशिश कर रहें हैं, जिसे देश की जनता संजीदगी से देख रही हैं और आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को इसका समुचित जवाब देगी।

# हाईस्कूल ढारा में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया मतदाता को



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ढारा में लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा 100 प्रतिशत मतदान करने को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। जिसमें कक्षा ग्यारहवीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मैं भारत हूं भारत है मुझमें ताकत है मुझसे का नारा दिया गया। 101 छात्रों द्वारा स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम कराया गया। 100 प्रतिशत मतदान से संबंधित प्रचार प्रसार भी किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण एवं संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था प्रमुख विजय भारद्वाज द्वारा दी गई।

# अनमोल दावा

> सदैव संदेह करने वाले व्यक्ति के लिए प्रसन्नता न इस लोक में है और न ही परलोक में।

## खेलने की उम्र में परिपक्व बच्चे, कुप्रथा के खिलाफ पेश की जागरूकता की मिसाल

नोएडा में स्कूली बच्चियों ने अपनी एक सहपाठी के लिए जो किया, उससे उम्मीद बंधती है कि लोग अपने आसपास अनुचित और गलत रिवाजों के विरोध को लेकर मुखर होंगे और इस तरह बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को जड़ से खत्म करने में मदद मिलेगी।

कानूनी रूप से प्रतिबंधित होने के बावजूद अक्सर बाल विवाह के मामले सामने आते रहते हैं। आमतौर पर किसी सामाजिक कुरीति का विरोध, उसे खत्म करने के लिए पहल की उम्मीद उम्र और समझ के स्तर पर परिपक्व माने जाने वाले लोगों से की जाती है। मगर नोएडा में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली कुछ बच्चियों ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा की शिकार हो रही एक बच्ची को बचाने के लिए जैसी हिम्मत दिखाई, वह उनकी जागरूकता का एक बेहतरीन उदाहरण है। हाल ही में नोएडा के एक सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा जब उदास दिखी, तो उसकी कुछ सहपाठियों ने इसका कारण पूछा। पता चला कि उसकी शादी जबरन कराई जा रही है, जबकि वह अभी पढ़ना चाहती है। सहपाठियों ने स्कूल के शिक्षकों को दी जानकारी इसके बाद उसकी सहपाठियों ने स्कूल के शिक्षकों और प्रबंधन को इस बारे में जानकारी दी। फिर स्कूल प्रबंधन ने इस बात की सूचना बच्चों के लिए जारी हेल्पलाइन और पुलिस को दी। पता चलते ही पुलिस ने ऐन मौके पर पहुंच कर शादी रुकवाई और आरोपियों को पकड़ा। अब वह छात्रा फिर पहले की तरह अपनी पढ़ाई कर रही है। कलम पकड़ने की उम्र में जबरन लगा रहे थे मेहंदी, आठवीं की छात्राओं ने बचा ली सहेली की जिंदगी इस घटना की अहमियत इस रूप में है कि जिन कुरीतियों को खत्म करने की जिम्मेदारी समाज और परिवार के वयस्कों और बुजुर्गों की होनी चाहिए, उसे रोकने के लिए बच्चों ने पहल की। यह छिपा नहीं है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा की वजह से कितनी बच्चियों का जीवन एक तरह से बर्बाद हो जाता है। उनकी पढ़ाई-लिखाई छूट जाती है, उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित होता है। इसका असर समूचे समाज के ढांचे पर पड़ता है, जिसमें स्त्री-पुरुष के बीच कई स्तर पर खाई पैदा होती है।

कानूनी रूप से प्रतिबंधित होने के बावजूद अक्सर बाल विवाह के मामले सामने आते रहते हैं। दरअसल, ज्यादातर कुप्रथाएं इसीलिए चलन में रहती हैं कि समाज और परिवार के जिम्मेदार लोग ही उसे संरक्षण देते या उसकी अनदेखी करते हैं। मगर नोएडा में स्कूली बच्चियों ने अपनी एक सहपाठी के लिए जो किया, उससे उम्मीद बंधती है कि लोग अपने आसपास अनुचित और गलत रिवाजों के विरोध को लेकर मुखर होंगे और इस तरह बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को जड़ से खत्म करने में मदद मिलेगी।




# बाल्टीमोर पुल हादसे के बाद अभी भी जहाज़ में मौजूद 20 भारतीयों का क्या होगा?

**बर्न्ड डिबामन जूनियर**

अमेरिका के बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के ढहने के एक हफ़्ते बाद भी लगभग दो दर्जन नाविक उस जहाज़ में फंसे हुए हैं, जो इस हादसे के दौरान पुल से टकराया था.

डाली नाम के 948 फुट (289 मीटर) लंबे मालवाहक जहाज़ के चालक दल के ज़्यादातर सदस्य भारतीय हैं. जब ये जहाज़ पुल से टकराया था, तो इनमें से एक को मामूली चोटें आई थीं.

तफ़्तीश करने वाले अभी ये तय करने में जुटे हैं कि जहाज़ के पुल से टकराने की आख़िर वजह क्या थी. अभी ये साफ़ नहीं है कि जहाज़ पर सवार चालक दल के सदस्य उसे छोड़कर जा भी पाएंगे या नहीं.डाली जहाज़ पर सवार लोगों और उनके मौजूदा हालात के बारे में हमें अभी जो जानकारी है, वो कुछ इस तरह है, हादसे के वक़्त डाली नाम के कंटेनर शिप पर चालक दल के 21 सदस्य सवार थे. हादसा उस वक्त हुआ, जब ये जहाज़ श्रीलंका जाने के अपने 21 दिनों के सफर पर निकल रहा था. भारत ने इस बात की तस्दीक़ की है कि जहाज़ चलाने वालों में से 20 लोग भारत के नागरिक हैं. सरकार के आंकड़े बताते हैं कि भारत के तीन लाख 15 हज़ार लोग दुनिया के समुद्री परिवहन उद्योग से जुड़े हैं, जो इस उद्योग के कुल कामगारों के लगभग 20 प्रतिशत के बराबर है. इस उद्योग के कामगारों की तादाद के मामले में भारतीय, फिलीपींस के बाद दूसरे नंबर पर आते हैं.

पिछले हफ़्ते भारत के एक अधिकारी ने बताया था कि जहाज़ पर सवार सभी लोगों की सेहत अच्छी है. इनमें वो व्यक्ति भी शामिल है, जिसे हादसे की वजह से चोटें आईं थीं और टांके लगाने पड़े थे. इसके अलावा, चालक दल के सदस्यों की रिहाइश, उनके परिवार और तजुर्बे के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है.

डाली कंटेनर शिप पर सवार लोगों के संपर्क में जो गिने चुने लोग आए हैं, उनमें से एक जोशुआ मेसिक भी हैं. वो बाल्टीमोर इंटरनेशनल सीफेयरर्स सेंटर के निदेशक हैं. ये एक स्वयंसेवी संगठन है, जो समुद्री जहाज़ों में काम करने वालों के अधिकारों की हिफ़ाज़त के लिए काम करता है.

जोशुआ मेसिक ने बीबीसी को बताया कि उन्होंने जहाज़ पर सवार लोगों की मदद के लिए कुछ सामान भिजवाया था. इसमें वाई-फाई हॉटस्पॉट भी था. उसके बाद उन्होंने व्हाट्सऐप के ज़रिए उन लोगों से बात की थी.उन्होंने बताया कि चालक दल के सदस्य च्घबराए हुएज् हैं, और उन्होंने तफ़्तीश के दौरान पूरी तरह से ख़ामोशी अख़्तियार कर रखी है.



जोशुआ ने कहा कि, 'जितने लोगों ने उनसे संपर्क किया है, उनमें से किसी से भी उन्होंने कोई ख़ास बात नहीं की. शनिवार तक तो उनके पास वाई-फाई की सुविधा भी नहीं थी और उनको तो पता भी नहीं था कि उनके बारे में दुनिया का ख़याल क्या है. उनको ये पक्के तौर पर नहीं मालूम था कि इस हादसे के लिए उनको दोषी ठहराया जा रहा है, विलेन बनाया जा रहा है या नहीं. उनको तो पता ही नहीं था कि हादसे के बाद वो क्या उम्मीद लगाएं या क्या आशंकाएं अपने मन में पालें' जोशुआ ने ये भी कहा कि, वो बहुत संवेदनशील हालात में हैं. अगर वो कुछ भी बोलते हैं, तो इसे उनकी कंपनी से जोड़कर देखा जाएगा. मेरा अंदाज़ा है कि उन्हें फिलहाल ख़ामोश रहने के लिए ही कहा गया है.

एंड्र्यू मिडलटन एपोस्टलशिप ऑफ सी नाम का एक कार्यक्रम चलाते हैं, जो बाल्टीमोर आने जाने वाले जहाज़ों की मदद करता है. उन्होंने कहा कि टक्कर के बाद से वो दिन में कई बार चालक दल के सदस्यों से बात करते रहते हैं.एंड्र्यू ने कहा कि, च्उन सबने यही बताया कि वो ठीक हैं.ज

अधिकारियों ने बताया कि अभी तो जहाज़ पर सवार लोगों को उसमें से उतरने की इजाज़त देने की कोई योजना नहीं है. अभी भी जहाज़ को स्थिर करने पर काम चल ही रहा है. इस बात की उम्मीद कम ही है कि जहाज़ पर सवार लोगों को तब तक उसमें से जाने दिया जाएगा, जब तक उसे वहां से हटा नहीं दिया जाता. ये एक बेहद जटिल और काफ़ी लंबी प्रक्रिया है.शुक्रवार को कोस्ट गार्ड के एडमिरल शैनन गिलरीथ ने बताया था कि उनकी पहली प्राथमिकता तो बाल्टीमोर बंदरगाह और जहाज़ों के आने-जाने के रास्ते को खोलना है. डाली जहाज़ को वहां से हटाने का काम तो उसके बाद का है.

यहां तक कि सामान्य हालात में भी अमेरिकी बंदरगाहों पर आए जहाज़ों पर सवार चालक दल के विदेशी नागरिकों को उतरने की इजाज़त देने के लिए काफ़ी काग़ज़ी कार्रवाई पूरी करनी होती है.

वीज़ा के अलावा, नाविकों के पास तट पर घूमने फिरने की इजाज़त देने वाले वाजिब पास भी होने चाहिए, तभी वो जहाज़ से उतरकर बाहर आ सकते हैं, उनको जहाज़ से उतारकर किसी की निगरानी में ही बंदरगाह के टर्मिनल गेट से बाहर लाया जा सकता है. हालांकि, ये काम वो तमाम अलाभकारी संगठन कर सकते हैं, जो यहां आने वाले समुद्री जहाज़ों के कर्मचारियों के साथ काम करते हैं.

बाल्टीमोर हादसे से निपटने के लिए बनाई गई एकीकृत कमान ने सोमवार को बीबीसी को बताया था कि अभी ये साफ़ नहीं है कि तफ़्तीश कब तक चलेगी, और जब तक ये च्प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक चालक दल के सदस्यों को जहाज़ पर ही रहना होगा.ज चिराग़ बाहरी एक तजुर्बेकार भारतीय जहाज़ी हैं, जो अब ब्रिटेन स्थित इंटरनेशनल सीफेयरर्स वेलफेयर ऐंड असिस्टेंस नेटवर्क के इंटरनेशनल ऑपरेशंस मैनेजर हैं. चिराग़ का मानना है कि डाली पर सवार सभी नाविकों को अपने घर लौटने में महीनों का वक़्त लग सकता है.

चिराग़ कहते हैं कि, च्हो सकता है कि कुछ हफ़्तों के बाद कुछ चालक दल के कुछ जूनियर सदस्यों को घर वापस भेज दिया जाए. लेकिन सीनियर सदस्यों को जांच पूरी होने तक अमेरिका में ही रोककर रखा जाएगा. 'डाली के नाविकों के पास खाना-पानी और ज़रूरत के दूसरे सामान पहले से ही भरपूर मात्रा में मौजूद हैं. क्योंकि वो श्रीलंका जाने के 21 दिनों की तैयारी करके रवाना हुए थे. जहाज़ पर सवार लोगों को उन स्वयंसेवी संगठनों से भी सामान मिल सकेगा, जो जहाज़ियों के लिए काम करते हैं. जोशुआ मेसिक ने कहा कि इनमें पकाया हुआ खाना और दूसरे सामान शामिल होंगे.

जोशुआ ने कहा कि जब जहाज़ चलाने वाले लंबे वक्त तक दुनिया से अलग थलग और ख़ाली बैठे रहते हैं, तो उनकी सबसे बड़ी चुनौती बोरियत और उदासी से निपटने की होती है. बहुत से नाविक नौजवान होते हैं. वो वक़्त काटने के लिए वीडियो गेम खेलने लगते हैं या सोशल मीडिया पर वक़्त बिताते हैं. जोशुआ मेसिक ने कहा कि, च्जहाज़ चलाने वाले उस वक़्त सबसे ज़्यादा ख़ुश रहते हैं, जब चालक दल के सारे सदस्य इकट्ठा होकर एक दूसरे के साथ लुत्फ़ उठाते हैं. पर अफ़सोस की बात ये है कि हमेशा ऐसा होता नहीं है.ज्वहीं, चिराग़ बाहरी को लगता है कि इस हादसे की वजह से चालक दल के सदस्य मीडिया में सुर्ख़ियां बटोर रहे हैं कि आखिर क्या गड़बड़ हुई और इसके लिए किसे ज़िम्मेदार ठहराया जाना चाहिए. ऐसे में उन्हें अपनी मानसिक सेहत दुरुस्त रखने के लिए सहायता की दरकार होगी. उन्होंने कहा कि, जहाज़ चलाने वाले पहले ही सदमे और तनाव के शिकार होंगे. वो अभी भी विदेशी धरती पर एक जहाज़ में फंसे हुए हैं. हमें उनके साथ खड़ा होना चाहिए, ताकि उन्हें इस बात का भरोसा दिलाया जा सके कि इस मुश्किल वक्त में उनको दोषी नहीं ठहराया जाएगा.

# विचार सरिता

## मन में बसे हैं राम 108 लक्ष्मण जी को दंड देने को तत्पर हो गए क्रोधित परशुराम जी

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



लक्ष्मण जी ने एक तरह से परशुराम जी को चुनौती देते हुए कहा, राजाओं के विनाश का आपका संकल्प अगर अधूरा है, तो उसे पूरा कर लीजिए मुनिवर! आश्चर्य है कि आप स्वयं को महायोद्धा कहते हैं और जिसे बालक कह रहे हैं, उसी पर अपने कुठार से भयंकर आघात करने को तत्पर हैं। मैं इसके लिए भी तैयार हूं।आपका सामना आज वास्तविक वीरों से हो रहा है इसलिए इतनी जल्दी आपका यह नव संकल्प पूरा होने वाला नहीं है।

उद्दंड बालक! वास्तविक वीर बड़बोले नहीं होते।वे शब्दों से नहीं अपने तीरों से प्रतिद्वंद्वी पर प्रहार करते हैं।अगर तुम सच्चे वीर होते तो मेरे आने से पूर्व ही शिवद्रोही को द्वंद्व के लिए ललकार चुके होते और मुझे महेंद्र गिरि से इस तरह अपनी तपस्या छोड़कर यहां नहीं आना पड़ता। परशुराम जी ने क्रोध करते हुए कहा।

आप स्वयं को शिवभक्त कहते हैं मुनिवर लेकिन शिव जी का प्रताप नहीं जानते हैं।अगर शिवजी स्वयं नहीं चाहते तो यह धनुष कभी नहीं टूट पाता। आप विचार कीजिए। वास्तविकता यह है कि भगवान शिव ने बहुत पहले ही इस धनुष का उपयोग करना बंद कर दिया था। आपकी तरह यह धनुष मेरे लिए भी वंदनीय है।सत्य यह है कि इस धनुष के माध्यम से आप अकारण ही अपने रोष का प्रदर्शन करना चाहते हैं। स्वयं को धरती का श्रेष्ठ योद्धा सिद्ध करना चाहते हैं। आपके महेंद्र पर्वत पर जाने के बाद से आर्यावर्त में घटनाओं का चक्र तेजी से घूमने लगा है। इस वसुधा पर क्या-क्या घटित हो रहा है,अगर आपको इसका संज्ञान होता तो इतना क्रोध करने की आवश्यकता ही नहीं होती। लक्ष्मण जी ने अपने विचार रखे।

ओह! अपनी उद्दंडता के बाद अब यह बालक मुझे उपदेश भी देने लगा है और मुझे मेरे कर्तव्यों का स्मरण कर रहा है।कोई इसे रोकता क्यों नहीं है? राजा जनक जैसे तत्व ज्ञानी की सभा में यह अतार्किक और हठी बालक कहां से आ गया? इसका अवज्ञाकारी स्वभाव अब इसे काल के मुख में ले जाएगा। परशुराम जी गरज उठे।

महाराज जनक के मुख पर थोड़ी देर पहले जो प्रसन्नता थी, अब वह तिरोहित हो गई है। उन्हें शिव धनुष के टूटने पर परशुराम जी से जिस उग्र प्रतिक्रिया की आशंका थी, अब वह सच हो रही है। उन्होंने शतानंद जी से कहा, सुपुत्री सीता के स्वयंवर में यह अप्रिय प्रसंग उपस्थित हो रहा है। मुझे प्रतीत हो रहा है कि महर्षि परशुराम जी की क्रोधाग्नि कहीं पूरी मिथिला को जलाकर भस्म न कर दे।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

# सामयिक चर्चा

## कौन है ऐसी ताकतवर महिला

खबर पढ़कर, बानी बोले-''गजाधर!
कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने
पार्टी की ''नारी न्याय गारंटी'' का
उल्लेख करते हुए कहा कि
पचास प्रतिशत सरकारी पदों पर
महिलायों की भर्ती से देश की
हर महिला सशक्त होगी।
और ताकतवर महिलाएं
भारत की तकदीर बदल देंगी।
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''मैं सोचता हूं बानी!
अगर कोई ताकतवर महिला
राहुल को जिन्दगी में आ गए
तों पार्टी को जब-तब परेशानी में,
उलझन में डालने वाली
राहुल गांधी की तकदीर को बदलकर,
वह महिला, पार्टी और अपनी 'उनकी'
तकदीर को सचमुच बदल देंगी।''



गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -015

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 014 का हल**



## सू-दोकू क्र.015



**नियम**

1. कुल 81 वर्ग हैं,जिसमें ...
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.014 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# लघुकथा

## //अधूरी ख्वाहिश//

मम्मी....मम्मी..... सुनिए न! क्या हुआ मेरी गुड़िया? प्रातःकाल से इतना शोर क्यों मचा रही हो? मम्मी.....मिन्नी स्वरबद्ध होकर बोली और आ कर पीछे से लिपट गई। अच्छा बताओ क्या बात है? मिन्नी बोली-''मम्मी मेरे दिमाग में बहुत अच्छा आइडिया आया है, आज के लिए।'' ओह! ऐसा आज कुछ खास दिन है क्या? मिन्नी अपनी आँखें बड़ी-बड़ी कर हैरान नज़रों से मम्मी को देखने लगी; तभी किचन में पापा जी भी आ गए और दोनों से पूछने लगे- ''क्या बात है? मां-बेटी में क्या खुसुर-फुसुर हो रही है भई.... !'' पापा जी थोड़ा मजाकिया अंदाज में बोले। नहीं... नहीं...ऐसी कोई बात नहीं है पापाजी कह कर मिन्नी किचन से चली गई। पापा जी के ऑफिस जाने के बाद मिन्नी बोली- ''क्या मम्मी आप भी न...'' ऐसा बोलते ही शांत बैठ गई। ओहहो! ठीक है बाबा बताओ, क्या-क्या करना है? मिन्नी ने अपनी मम्मी को पूरी योजना बताई। मम्मी बहुत खुश हुई और बोली एक बिटिया ही तो होती है, अपने पापा के जीवन में हर छोटा-बड़ा सपना को साकार करने में लगी रहती है और बिल्कुल माँ जैसा ख्याल भी रखती है, भाव-विभोर हो मम्मी की आँखें भर आईं।

शाम होते ही पापा जी ऑफिस से घर लौटे, थोड़ी देर बाद मिन्नी पापा जी से बोली- ''पापा जी चलिए न मेरे कमरे में'' क्यों? पापा जी बोले। ऐसे ही....कुछ दिखाना है आपको। अच्छा चलो; मम्मी पापा और मिन्नी तीनों कमरे में गए। कमरे में बहुत अंधेरा था। बिटिया लाइट तो जलाओ। धैर्य रखिए बाबा....।

इतनी भी क्या जल्दी है! मिन्नी पापा की लाडली जो थी। ओके बिटिया...।

लाइट जलाते ही पापा जी विस्मित भाव से देखने लगे। सहसा फूलों की वर्षा होने लगी, छोटे-छोटे लाइट जुगनुओं की तरह चमकने लगे, नीचे धरती पर मखमली घास बिछी थी, कोयल के सुमधुर आवाज की तरह धीमे स्वर में गाना चल रहा था, एक प्यार का नगमा है...........! टी-टेबल में बहुत सारी मिठाईयाँ, फल-फूल, केक वगैरह.... वगैरह....। केक कट करते ही मिन्नी पापा जी को एक गिफ्ट पैकिंग आहिस्ता से खोलने के लिए बोली। पापा जी भी मुस्कुराते हुए आहिस्ता-आहिस्ता खोलने लगे। खोलते ही उनकी आँखें नम हो गईं और मिन्नी को गले से लगा लिया। पिता, बेटी को प्यार भरी नज़रों से देखने लगे। उन्होंने देखा पापा की एक फेवरेट लैपटॉप उनके सामने रखी हुई है। जिसकी पापा जी को बरसों से अभिलाषा थी। बेटा ये लैपटॉप!! ना...ना...पापा जी कुछ न कहिए ये आपके बहुत काम की है, आप दिन-रात, जाग-जाग कर मोबाइल में ही अपनी कविताएं टाइप करते रहते हैं। सो..... मैंने और मम्मी ने सोचा क्यों न पापा जी को सरप्राइज दे दें। पापा जी बोले- ''आज मेरी बेटी इतनी बड़ी हो गई की पापा की ख्वाहिश पूरी कर रही है!'' मिन्नी पापा को गले लगा कर जन्मदिवस की बधाई देती हुई, हैप्पी बर्थडे पापा...हैप्पी बर्थ डे माई डियर पापा जी...!

तभी कानों में मम्मी की आवाज सुनाई देने लगी.......मिन्नी अरी ओ गुड़िया, उठो! बेटा भोर हो गई। कितनी देर तक सोयेगी, ये लड़की भी न, पता नहीं आज इसे क्या हो गया? मिन्नी की आँखें खुलीं, चहुँ ओर सन्नाटा छाया था। जो कुछ भी हुआ एक स्वप्न था। मिन्नी, मम्मी को गले लगाती हुई अपने पापा को याद कर सिसकियां भर-भर कर रोने लगी।



*प्रिया देवांगन ''प्रियू''*
राजिम जिला - गरियाबंद छत्तीसगढ़

# राशिफल

**मेष** — आज आप का उत्साह बढ़ेगा। आप अपने आपको भाग्यशाली अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए मौके मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको प्यार और सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचें। आप के सामने कुछ भावनात्मक चुनौतियां आएंगी। आप अपने भाई बहनों का सहयोग करेंगे।

**वृषभ** — आपके लिए आज का दिन खुशहाल रहेगा। आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। छात्रों की रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में नए अवसर मिलेंगे। लंबी यात्राओं के योग हैं। जिससे आपके व्यापार में लाभ होगा। आर्थिक रूप से मजबूती आयेगी।

आपके लिए सकारात्मक बदलाव लाने वाला दिन है। प्राइवेट सेक्टर में जॉब करने वाले लोगों को कोई अच्छा प्रोजेक्ट मिल सकता है। जिसमें आप अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इससे आपको लाभ होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कर्क** — लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आपको किसी बड़े लाभ की प्राप्ति हो सकती है। आपको आध्यात्मिक कार्यों में आनंद आएगा। किसी कोर्ट केस का नतीजा आपके पक्ष में आने की संभावना है। आपके विरोधी कुछ परेशानियां खड़ी करने की कोशिश कर सकते हैं।

**सिंह** — आपके लिए सफलता दिलाने वाला दिन है। आपके सभी काम बनेंगे। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जिसमें आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। कुछ कार्यों को लेकर आज भागदौड़ हो सकती है। आज पॉजिटिव सोच रखें।

**कन्या** — आपके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। नौकरी में बॉस का सहयोग मिलेगा। जिससे आपको काफी लाभ होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में तालमेल अच्छा बना रहेगा। आपको किसी के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। आपके परिवार में आनंद का वातावरण बना रहेगा।

**तुला** — आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन रहेगा। आज आपकी किसी अनुभवी व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। जिससे आपको अच्छा सहयोग मिलेगा। आपके व्यापार में लाभ होगा। किसी पारिवारिक आयोजन पर धन खर्च हो सकता है। आपके पारिवारिक रिश्ते को और भी मजबूत बनाएगा।

**वृश्चिक** — आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक सुख शांति बनी रहेगी। कार्य क्षेत्र में आपको आज ज्यादा काम मिल सकता है। आपको आपके कलीग्स से पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार करने को लाभ के योग हैं। पहले किए गए निवेश से फायदा होगा।

**धनु** — आज के दिन आपकी पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज कार्य क्षेत्र में काम का दबाव रहेगा। आप समय पर कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके करियर में प्रगति के योग हैं। खुद का व्यवसाय करने को अपने विरोधियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको नई नौकरी के लिए कोई ऑफर आ सकता है। पारिवारजनों के आपसी तालमेल बनाकर रखें। व्यापार करने के लिए अच्छे लाभ की प्रबल संभावना है। कहीं किए गए निवेश का अच्छा रिटर्न मिलेगा। विद्यार्थियों की रूचि खेलकूद में बढ़ेगी।

**कुंभ** — आपका दिन अच्छा बीतेगा। आप अच्छी रणनीति के साथ कार्यक्षेत्र का काम करेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके तालमेल अच्छे रहेंगे। आप अपने जीवनसाथी के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। पारिवारिक खर्च बढ़ेंगे। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि रहेगी।

**मीन** — आज आपका दिन लकी रहेगा। किसी सिलसिले में विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है। आपका मन अध्यात्म में लगेगा। कार्य क्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। आप अपनी समझदारी से आगे बढ़ेंगे, आपको लाभ होगा। अपने व्यापार को और बढ़ाने के लिए नया प्लान बनायेंगे, योजनाएं सफल होंगी।

# मोहगॉव ईट भट्टों संचालकों पर राजस्व विभाग की दिखावें की कार्यवाही

(राजेश मेश्राम)

जोधरा (दावा)। छुरिया विकासखण्ड के आश्रित ग्राम पंचायत जोंधरा के आश्रित ग्राम मोहगॉव में अवैध रुप से लाल ईटों का निर्माण करीब 70 से 75 घरों में विक्रय के लिये किया जा रहा है। ये सिलसिला विगत 6-7 वर्षो से अनवरत रुप से जारी है लगातार शिकायत मिलने पर डोंगरगांव एस.डी.एम मनोज मरकाम के निर्देशन में नायब तहसीलदार जे.पी.खूटे द्वारा 28 मार्च को मोहगॉव में जाकर ईटों की जब्ती की कार्यवाही कागजो में कर दी, पर जब्त ईटों को शासन द्वारा अब तक ना तो पंचायत के सुपुर्द ही किया गया है और ना ही पंचायत के अधीनस्थ निवासरत किसी जिम्मेदार व्यक्ति या संगठन को ही सौंपा गया है। प्रतिनिधि ने राजस्व विभाग की क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक जया ठाकुर से संबध में जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि अभी कार्यवाही पूरी नही हुई है कार्यवाही जारी है।



### नेताओं के आ रहे है फोन

राजस्व विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि क्षेत्रीय नेताओं के बार-बार फोन आ रहे है कि मोहगॉव के लाल ईट निर्माताओं पर कार्यवाही ना की जाए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ नेताओं द्वारा मोहगॉव के ईट भट्ठा संचालकों को ईट बनाने आर्थिक मदद की जाती है और विक्रय के पश्चात जो लाभ होता है उसमें हिस्सेदारी निभाई जाती है, एक तरह से देखा जाए तो वो इन ईट निर्माताओं के साथ बराबर के पार्टनर होते है। तो नेताओं के फोन आना अधिकारियों को स्वाभाविक हैं। चूंकि कार्यवाही से उन ईट निर्माताओं के साथ-साथ उन नेताओं को भी नुकसान पहुँच रहा होता है, जिन्होंने उन्हें आर्थिक मदद दे रखी है।

**प्रशासन की हो रही किरकिरी**

### प्रशासन बेबस और लाचार

विदित हो लाल ईटों के निर्माण पर देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने सन् 2010 मे ही पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिबंध लगा चुका है, वही ईटों निर्माण में मोहगांव के ग्रामीण मुर्गी खाद्य का प्रयोग एवं जंगलो की लकड़ी का भरपूर उपयोग कर रहे है मोहगांव के ग्रामीण ईटों के निर्माण में मुर्गीखाद एवं जंगलों की लकड़ी का उपयोग कर रहे है मोहगांव के ग्रामीण ईटों निर्माण स्वहित में नही अपितु विक्रय के लिए करते है। बकायदा ईटो के निर्माण के लिए शासकीय तालाब से पानी ले रहे है। शिकायतो के आधार पर संज्ञान ले लेते हुए इन पर ईटों की जब्ती की कार्यवाही की बात तो कर रहा है पर यदि ईट जब्ती की गयी है तो किसके सुपुर्द किया गया है और कितने ईटों की मात्रा को किया गया है इन प्रश्नों के उत्तर ना तो आर आई दे रही है और ना ही क्षेत्रीय पटवारी।

### सरपंच संदेह के दायरे में

ग्राम पंचायत जोंधरा के सरपंच की भूमिका भी संदेह के दायरो में मानी जा रही है चूंकि ग्राम मोहगांव, ग्राम पचांयत जोंधरा का आश्रित ग्राम है ईट निर्माण या अन्य किसी तरह के उद्योग स्थापना के लिए पंचायत की स्वीकृति आवश्यक होती है ग्राम मोहगांव में 4 से 5 लाख ईटों का निर्माण किया जा रहा है। सरपंच को ईट निर्माण की जानकारी होने के बावजूद भी उन्होने स्वयं इस पर कार्यवाही के लिए शासन को सूचना नही दी। विदित हो सरपंच सुरेन्द्र मेश्राम स्वयं भी ग्राम जोंधरा में लम्बे समय तक लाल ईट भटठों का संचालन करते रहे है और ईट निर्माता के रूप में मोहगांव के ही उनके भटठे में कार्यरत रहे है।

> मै स्वयं मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया हूँ, कतिपय ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से लाखों की मात्रा में लाल ईटों का निर्माण किया गया है। पूरी कार्यवाही के लिए मैं आर.आई. जया ठाकुर और क्षेत्रीय पटवारी को निर्देशित कर चुका हूँ।
>
> – जे.पी खुंटे
> नायब तहसीलदार कुमर्दा

# प्रदेश भाजयुमो मंत्री आलोक श्रोती का भाजयुमो मंडल अम्बागढ़ चौकी ने किया भव्य स्वागत



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजयुमो जिला मोहला-मानपुर,अंबागढ़ चौकी में प्रदेश युवा मोर्चा मंत्री व लोकसभा प्रभारी आलोक श्रोती का जिला युवा मोर्चा की विषेश बैठक लेने के लिए आगमन हुआ, जिनका युवा मोर्चा अम्बागढ़ चौकी मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नगर प्रवेश द्वार पर पुष्पमाला द्वारा भव्य स्वागत किया इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजेश गुजराती, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी, युवा मोर्चा महामंत्री संतोष साहू, पार्षद सुरेश नेताम, उपाध्यक्ष सुभम लाटा, जिला मीडिया सह प्रभारी ओमशरण सिन्हा, जिला सोशल मीडिया सह संयोजक गजेंद्र मंडावी, प्रकाश यादव, भोला, संजय, लोकेश निषाद, रवि निषाद, राहुल नेताम, मनोज निषाद सहित युवा मोर्चा के समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## सड़क चिरचारी और खोभा के सभी बूथों में बीजेपी कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न



छुरिया (दावा)। भाजपा के 22 बिंदु पर विचार विमर्श के साथ लोकसभा चुनाव में शक्तिकेन्द्र सड़क चिरचारी और खोभा के सभी बुथों के कार्यकर्ताओं की बैठक तेलिनबांधा मे हुई, जिसके प्रभारी जिला उपाध्यक्ष भाजपा चंद्रिका प्रसाद डडसेना थे साथ ही इस बैठक मे मनीष जैन, धन्नालाल यादव, भुवनेश्वर साहू, मयाराम साहू, धरमवीर चंद्रवंशी, शंकर साहू, आनंद वेलेकर, इढोबा चौहान, देवकुमार चंद्रवंशी, कनस पटेल, देवानंद सहारे, लक्ष्मी सिन्हा, गोविंद निर्मलकर, दयाराम चंद्रवंशी सहित सभी बुथों के कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।

## नवरात्र में बुढ़ादेव गुफा में होगी ज्योति कलश स्थापना

कलकसा (दावा)। आदिवासी गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़ द्वारा बुढ़ादेव गुफा डोंगरगढ़ (पेन ठाना) में प्रतिवर्षानुसार वर्ष में दो बार क्वांर व चैत्र नवरात्रि पर्व में ज्योति कलश स्थापना किया जा रहा है। पूर्वानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व में ज्योति कलश स्थापना किया जाना है। जिसमें स्वजातीय सगा समाज एवं सामाजिक आस्था रखने वाले धर्म प्रेमी श्रद्धालुगण अपने मनोकामनाओं के लिए अपने नाम से ज्योति कलश रख सकते हैं। ज्योति कलश के लिए अध्यक्ष संतोष पड़ोती, उपाध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम, संरक्षक तीजऊ मंडावी, भूमका मदन यूइके, प्रवीण मंडावी से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते। साथ ही साथ इस पेन ठाना में तहसील इकाई डोंगरगढ़ के समिति द्वारा प्रति दिवस इस संस्था के भूमिकाओ ने गोंडी संस्कृति से गोगो(पूजा) सुमरनी सुबह शाम किया जाता है। जो अपने गोंडी संस्कृति पर एक अलग ही महत्व बताया गया है। उक्त जानकारी तहसील गोंड समाज के सचिव नदलाल कोहकोट्ट ने दी।

## गुंगेरी नवागांव की लिकिता का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन



डोंगरगांव (दावा)। जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें प्राथमिक शाला गुंगेरी नवागांव संकुल मनेरी की छात्रा कुमारी लिकिता का चयन हुआ, छात्रा प्रारंभिक कक्षाओं से ही होशियार व मेधावी रही है। इस अवसर पर शाला विकास समिति, पालकगण एवं ग्राम पंचायत सरपंच भेलेन्द्र नेताम, उपसरपंच देवेन्द्र देवांगन, अशोक यादव, डॉ.खेमूदास साहू, छन्नू पटेल, कीर्ति साहू, सीमा पटेल, सगवन बाई प्रधानपाठक छत्रपति गुरु, शिक्षक हरिशंकर देवांगन, राजेन्द्र निषाद, माधव साहू, किशन देशमुख, गैंदलाल डहरे ने छात्रा को गुलाल लगाकर मुँह मीठा कराया और बधाई दी तथा उज्वल भविष्य की कामना की है। कुमारी लिकिता ने अपने चयनित होने पर अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को श्रेय देते हुए बाकी बच्चों को लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

## भारतीय पब्लिक स्कूल की शैलू पढ़ेगी नवोदय में



डोंगरगाँव (दावा)। मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक स्कूल की कक्षा 5वीं में अध्ययनरत शैलू साहू पिता केवलराम साहू का चयन में नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में अध्ययन हेतु हुआ है, शाला के प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्था में अध्ययनरत कक्षा 5वीं की छात्रा शैलू साहू ग्राम दीवानभेड़ी की रहने वाली है, ग्रामीण परिवेश में रहने के बाद भी स्वतः अध्ययन से इस मंजिल को प्राप्त करते हुये स्कूल का ही नहीं अपितु पूरे गांव व ब्लॉक नाम रोशन किया है, इनके पिता पी.डब्लू.डी विभाग में कार्यरत हैं। छात्रा प्रारंभ से ही मेधावी रही है, छात्रा की शानदार सफलता पर शैलजा पाण्डेय अध्यक्ष मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति डोंगरगाँव, संतोष सागर शर्मा सदस्य मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति, संस्था के संरक्षक संतोष कुमार वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर, पाली प्रभारी बिरेन्द्र राजपूत, प्रधानपाठक पी.एल. बया, प्रधानपाठिका दामिनी यदु सहित कक्षा शिक्षक नरोत्तम साहू ने बधाई देते हुये छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# तांदुला नहर से पानी छोड़ा गया



बालोद (दावा)। आदमाबाद डैम से अन्य जिलों के तालाबों को भरने के लिए तांदुला नहर से पानी छोड़ा गया है, डैम के करीब तांदुला नहर नाली में ग्राम सिवनी के समीप पुरानी पुलिया थी। इस पुलिया के माध्यम से सिवनी से कलेक्ट्रेट जाने का रास्ता का उपयोग तांदुला नहर में बने पुलियों से होता था। इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है, ठेकेदार द्वारा इस मार्ग में लोगों के आने जाने के लिए अस्थाई पुलिया बनाया गया था। जिसमें लोगों का आना-जाना चल रहा था, पुलिया का निर्माण ठेकेदार के द्वारा धीमी गति के कार्य करने पर यह पुलिया अब तक नहीं बन पाई है, वहीं वैकल्पिक रूप से ठेकेदार द्वारा पानी निकासी के लिये मुरम व मिट्टी डालकर उसमें अस्थाई रास्ता बनाया गया था। गर्मी को देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा तांदुला जलाशय से बालोद, दुर्ग, बेमेतरा जिले के तालाबों के आम निस्तार के लिए पानी भरा जाता है, जिसके तहत सिंचाई विभाग द्वारा जलाशय से पानी कैनाल के माध्यम से पानी छोड़ा गया है। अस्थाई पुलिया में लगे घटिया स्तर का पाइप और उसमे बनाई गई सड़क पुलिया पानी के प्रेशर को बर्दाश्त नहीं कर पाया और सोमवार को दोपहर बाद तंदुला नहर में बनी अस्थाई पुलिया बह गई।

विदित हो की विभाग को जानकारी होने के बावजूद की गर्मी के दिनों में जलाशय से प्रत्येक वर्ष तालाबों की निस्तार के लिए पानी छोड़ा जाता है, के बावजूद निर्माण एजेंसी को पुलिया निर्माण अब तक पूरा हो जाना था किन्तु ठेकेदार की उदासीनता व लापरवाही के चलते पुलिया का निर्माण कार्य कछुआ चाल की माफी चल रहा है, संबंधित विभाग की जिम्मेदार अधिकारी की उदासीनता कहो या लापरवाही के चलते अस्थाई पुलिया के बावजूद पुल निर्माण का कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो सका है और जलाशय से पानी छोड़े जाने से अस्थाई पुलिया ढह गई है और ठेकेदार की लापरवाही के चलते उक्त समस्या उत्पन्न हो चुकी है।

इस अस्थाई पुलिया के ढह जाने से ग्रामवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वही ग्रामीणों ने पुल निर्माण कर रहे ठेकेदार एवं लोक निर्माण विभाग पर नाराजगी जताई है तथा इसे विभागीय लापरवाही बताया।

# लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में स्वीप कार्यक्रम आयोजित



**अधिकारी-कर्मचारी सहित नागरिकों ने 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करने का लिया संकल्प**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का आयोजन किया जा रहा है। जिससे की लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके। जिले में 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत होने वाले मतदान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव में कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी-कर्मचारी सहित बैंक में लेन-देन के लिए आए नागरिकों को जिले में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाता शपथ दिलाई गई।

उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय ने मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने कहा। उन्होंने लोकतंत्र में नागरिकों के एक-एक वोट के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों के साथ नागरिकों ने हाथों में मतदाता जागरूकता के तख्ती लेकर मोर वोट-मोर अधिकार, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारे लगाकर 26 अप्रैल को अपने मतदान केन्द्र में जाकर मताधिकार का उपयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्रीकांत चंद्राकर, उप आयुक्त सहकारिता विभाग श्रीमती शिल्पा अग्रवाल, सहायक संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी संतलाल देशलहरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जय सिंह खेंगर, कृषि विकास अधिकारी रामशीला गौरकर तथा सेवा सहकारी समिति के शाखा प्रबंधक एवं बड़ी संख्या में किसानों द्वारा बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की गई।

# नगर निगम के चार कर्मचारी सेवानिवृत्त, आयुक्त की उपस्थिति में दी गयी बिदाई



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के सभागृह में आयुक्त अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में ठा.प्यारेलाल स्कूल की सहायक शिक्षिका श्रीमती कनकलता सिंह सहित लोककर्म विभाग में मजदूर के पद पर कार्यरत मनसुख साहू तथा स्वास्थ्य विभाग में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत तीरथ बलीराम व श्रीमती रेणू रघुनाथ को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गयी।

कार्यक्रम में आयुक्त श्री गुप्ता सहित कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्राचार्य भूषण साव द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया गया।

कार्यक्रम में आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि हमारे निगम परिवार के चार साथी जिन्होंने अपने जीवन का लंबा समय इस संस्था को दिये और निष्ठापूर्वक कार्य कर आज शासन नियम के तहत सेवानिवृत्त हो रहे है, अब वे परिवार में समर्पित होकर अपना समय बितायेगी तथा अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करेगें, क्योकि नौकरी में पारिवारिक दायित्वों का ठीक से निर्वाहन नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पश्चात जो प्रक्रिया होगी उसे जल्द पूर्ण किया जायेगा, इसके अलावा जब भी आवश्यकता होगी निगम परिवार आपके साथ खडा रहेगा। मैं आप लोगों के आगे की अच्छी जीवन के लिये शुभकामनाएं देता हूॅ।

कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके ने अपने संबोधन में कहा कि लंबे समय तक निगम में सेवाकाल व्यतीत कर आज हमारे चार कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे है, इनके कार्यकाल अच्छा रहा और इन्होंने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन किया, लेकिन निगम से इनका जुडाव सदा रहेगा, क्योकि ये सब परिवार की तरह रहकर कार्य किये।

सहायक शिक्षिका श्रीमती कनकलता सिंह ने अपने उद्बोधन में कही कि मुझे अपने काम में सबका बहुत अच्छा सहयोग मिला, मैं दुर्ग निगम से स्थानांतरित होकर राजनांदगांव निगम आयी थी और यहा पारिवारिक माहोल में 24 वर्ष काम करने का मौका मिला मैं इंदिरा बाल मंदिर, सर्वेश्वरदास स्कूल तथा ठा. प्यारेलाल स्कूल में अध्यापन कार्य की और ठा.प्यारेलाल स्कूल से सेवानिवृत्त हो रही हॅू। उन्होंने कहा कि आप सबके साथ बिताया समय अविस्मरणीय रहेगा, जिसके लिये मैं सभी का आभार व्यक्त करती हॅू।

बिदाई समारोह का आभार प्रदर्शन समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर ने व संचालन महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा ने किया। बिदाई समारोह में प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, लेखापाल शैलेष पाण्डे व पंकज साहू, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रदेशभर में होगा कर्मा जयंती का आयोजन 5 को

छुरिया (दावा)। आगामी 5 अप्रैल को प्रदेशभर के सभी जिला/ तहसील/मंडल/ग्रामीण इकाइयों में एक साथ, एक समय पर राज्य के सबसे बड़े समाज साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई जाएगी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिह साहू जिलाध्यक्ष भागवत साहू एवं तहसील अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू के निर्देशानुसार माँ कर्मा जयंती के पावन अवसर मे पापमोचनी एकादशी, शुक्रवार, दिनांक 05 अप्रैल को पूरे छत्तीसगढ़ के प्रत्येक इकाई मे एक ही समय मे सुबह 11 बजे माँ कर्मा जी की महाआरती करना है। जिला साहू संघ के आजीवन सदस्य एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ जाकेश साहू तथा जिला महामंत्री नीलमणि साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अवसर पर उल्लासपूर्ण वातावरण मे ज्योति कलश यात्रा, शोभायात्रा, माँ कर्मा के तैलचित्र एवं सामाजिक ध्वज के साथ करना है।

खिचड़ी का भोग लगा कर महाप्रसादी एवं प्रसाद वितरण करना है। संध्याकालीन बेला मे अपने घर आंगन मे रंगोली इत्यादि बनाकर, पांच दीपक जला कर अनिवार्य रूप से रौशनी करना है।

इस हेतु आवश्यक तैयारियां के लिए जिला साहु संघ राजनांदगांव की बैठक विगत दिनों दिनांक 29 मार्च शुक्रवार को दोपहर 2 बजे रखी गई थी। इसी कड़ी में छुरिया एवं कुमर्दा तहसील के सभी आठों मंडल एवं सौ से अधिक ग्रामीण इकाइयों में आगामी 5 अप्रैल को एक साथ भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन होगा। यह जानकारी तहसील साहू संघ के सचिव ज्ञानचंद साहू ने दी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगे खिलाड़ी



ठेलकाडीह (दावा)। सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 भिलाई में दिनांक 28, 29, व 30 मार्च को आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता 2023-24 में हमारे संस्कारधानी योग परिवार के सीनियर आर्टिस्टिक बॉयज ग्रुप अतुलदास लहरे, चितरंजन साहू, नीरज साहू, गौतम सिन्हा, प्रवीन पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। वही दूसरी तरफ सीनियर आर्टिस्टिक गर्ल्स ग्रुप पूजा चोखान्द्रे, मोनिका साहू, सुरेखा बजरंग, नीलिमा पटेल, डिलेश्वरी नेताम ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया, अब यह दोनों टीम भारत के तरफ से भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में शामिल होगी। इसके अलावा आर्टिस्टिक गर्ल्स का तृतीय स्थान छत्तीसगढ़ ने ही हासिल किया जिसमें सौम्या यादव, तरुणा साहू, रागनी साहू, रीना श्रीवास, यतिक्छा बंजारे शामिल थी। जूनियर आर्टिस्टिक बॉयस ग्रुप प्रवीण साहू, विवेक, मोहित, खिलेश्वर, विक्रम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया।

इसके अलावा सीनियर आर्टिस्टिक पेयर गर्ल्स में द्वितीय व रिदमिक पेयर गर्ल्स तृतीय वीणा साहू, मोनिका साहू ने प्राप्त कर सिल्वर और कांस्य मेडल हासिल किया, सोनिया वर्मा, माया निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य मेडल हासिल किया, सीनियर आर्टिस्टिक पेयर बॉयस में प्रवीण पटेल, खेमचंद लाउत्रे ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कश्य पदक हासिल किया, इस प्रकार राजानंदगांव से कुल 42 खिलाड़ियों से इस प्रतियोगता में हिस्सा लिया और 28 प्रतिभागियों ने मेडल प्राप्त किया जिसमें रोशनी साहू, कामनी भुआर्य भी शामिल थे। संस्कारधानी योग परिवार स्व. शेखर वर्मा के द्वारा बनाया गया ग्रुप है जिनके सिखाए गए छात्र-छात्राएं आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गए हैं और भारत देश के लिए खेलने वाले हैं।

# भैंसातरा एवं दल्ली शक्ति केंद्र की संयुक्त बैठक संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। विधानसभा के घुमका मंडल में भैंसातरा एवं दल्ली शक्ति केंद्र की संयुक्त रूप से बैठक पूर्व विधायक विनोद खांडेकर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

जिसमें दिनांक 4 अप्रेल के राजनांदगाव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के नामांकन रैली में बहुसंख्यक के रूप में सम्मिलित होकर रैली को ऐतिहासिक बनाकर सफल बनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से अन्नू नागपुरे, राकेश वर्मा, जोहन साहु, कुम्हलाल वर्मा, मोहित वर्मा, प्रेम सिन्हा, माणिक सिंहा, बहुरसिंग, प्रमोद, रामचंद्र, रामसहाय, संतोष, खेम साहू, रमेश साहू, बलराम, सुरेश सिंग, गोविंदा, सुवेलदास, जिराखन साहू, भारत वर्मा, डोमन वर्मा, महेशदास, लोरनु, सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थित दर्ज कर भाजपा प्रत्याशी को विजय दिलाने एवं रैली में शामिल होकर विशाल बनाने का निर्णय लिया।

# शक्ति केंद्र क्रमांक 5 की बैठक संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। शक्ती केंद्र क्रमांक 5 की बैठक मंडल अध्यक्ष अमित जैन व नेता प्रतिपक्ष व शक्ती केंद्र के प्रभारी अमित छाबड़ा के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सुनील जैन (चीकू), प्रकाश चौरड़ियां, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, राम कृष्ण कनौजिया (मुन्नू बाबा) महिला मोर्चा अध्यक्ष व बूथ क्रमांक 146, बूथ अध्यक्षा श्रीमती सवीता दरगड़ की उपस्थिति में बूथ क्रमांक 148, बूथ अध्यक्ष कमलेश उजवने के घर में सम्पन्न हुई। जिसमें बूथ अध्यक्ष अजय दुबे, अध्यक्ष सुरेश शर्मा, भागवत नामदेव, हरीश मोटघरे, कन्हैया अग्रवाल, गुड्डी मटीयारा, संगीता आखरे, कांति बाई नामदेव, शिवानी नामदेव, रन्नो बाई नामदेव, प्रकाश यादव सुलोचना नामदेव आदि सम्मिलित हुए।

# पहला कॉलम...

## मेरा बचपन का सपना हकीकत में बदल गया: सचिन

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय लीजेंड क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने 2011 वनडे विश्व कप की 13वीं वर्षगांठ पर जीत को याद किया। 2 अप्रैल का दिन भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि मैन इन ब्लू ने 1983 में अपनी पहली जीत के बाद 28 साल के इंतजार को समाप्त करते हुए अपना दूसरा एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीता था। इस दिन 2011 में, भारत ने गौतम गंभीर और तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की दो शानदार पारियों की बदौलत मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के सामने शोपीस इवेंट जीता था। सचिन ने 2011 विश्व कप ट्रॉफी के पल की एक तस्वीर साझा करते हुए अपने सोशल मीडिया पर लिखा, 13 साल पहले, मेरा बचपन का सपना हकीकत में बदल गया। यादों, टीम और एक अरब से अधिक लोगों के अविश्वसनीय समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगा। धोनी ने गंभीर के साथ मिलकर श्रीलंका द्वारा निर्धारित 274/6 के लक्ष्य को हासिल करने में भारत की मदद की। बाद में गंभीर के 97 रन पर आउट होने के बावजूद भारत जीत के करीब पहुंच गया, धोनी और युवराज सिंह ने टीम को जीत दिलाई। धोनी के शानदार छक्के ने 10 गेंद शेष रहते भारत की जीत दिला दी। सचिन, जो 1992 से एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे, पिछले पांच मौकों पर चूकने के बाद सचिन को इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर हाथ रखने के लिए 2011 तक इंतजार करना पड़ा। भारत के पूर्व स्पिन मास्टर हरभजन सिंह ने भारत की 2011 विश्व कप की सफलता का जश्न मनाते हुए कहा, 2-4-2011 यादगार दिन... विश्वकप विजेता आभारी।

## विस्तारा की 100 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल

नई दिल्ली । टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस की एयरलाइन कंपनी विस्तारा की बीते कुछ दिनों में फ्लाइट्स कैंसिल होने के मामले सामने आ रहे हैं। बीते कुछ दिनों में विस्तारा की 100 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। वहीं, आज भी इस एयरलाइन कंपनी की लगभग 60 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। इससे पहले सोमवार को एयरलाइंस ने लगभग 50 उड़ानें रद्द की थी। अब इस मामले में MoC ने एयरलाइन कंपनी से रिपोर्ट मांगी है।विस्तारा एयरलाइंस पायलट्स की कमी और संचालन संबंधी परेशानी से जूझ रही है, एयरलाइन कंपनी के कारण पैसेंजर्स को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को और उड़ानें रद्द होने की आशंका है और यह संख्या 70 तक जा सकती है। कंपनी ने भी इसे स्वीकार किया है। सोमवार को विस्तारा ने इसकी जानकारी दी और बताया कि वो इसे सुधारने की कोशिश कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एयरलाइंस के प्रवक्ता का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में अलग अलग ऑपरेशनल कारणों के चलते विस्तारा एयरलाइंस को फ्लाइट्स के रद्द होने से लेकर उड़ानों में देरी देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि एयरलाइंस हालात को सामान्य करने की लगातार कोशिशों में जुटी है।

## सेंसेक्स - निफ्टी में गिरावट पर मिड - स्मॉलकैप स्टॉक्स से बाजार गुलजार

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का भी कारोबारी सत्र बेहद शानदार रहा है. खासतौर से मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स के लिए. नए वित्त वर्ष के लगातार दूसरे सेशन में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में निवेशकों की ओर से भारी खरीदारी देखने को मिली है. बाजार का प्रमुख इंडेक्स हालांकि फ्लैट क्लोज हुआ है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 111 अंकों की गिरावट के साथ 73,903 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 8.70 अंकों की गिरावट के साथ 22,453 अंकों पर क्लोज हुआ है. सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में क्लोज हुआ है इसके बावजूद शेयर बाजार के मार्केट कैपिटलाइजेशन में जोरदार उछाल देखने को मिला है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 395.67 लाख करोड़ रुपये पर जाकर क्लोज हुआ है. जबकि पिछले सेशन में मार्केट कैप 393.15 लाख करोड़ रुपये रहा था. आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 2.52 लाख करोड़ रुपये का इजाफा देखने को मिला है।

## 22 साल की लड़की से 63 साल के धर्मगुरु ने की शादी

नई दिल्ली। किसी भी देश में संतो को काफी सम्मानीय नजर से देखा जाता है. हालांकि, कभी-कभी यही संत कुछ ऐसी हरकत कर जाते हैं जिससे हर कोई अवाक् रह जाता है. अफ्रीका से भी कुछ ऐसी ही खबर निकलकर सामने आ रही है. घाना के रहने वाले एक 63 साल के संत ने महज 12 साल की लड़की से शादी करके सबको आश्चर्यचकित कर दिया है.

# बेंगलुरु आईपीएल 2024 में ऑलआउट होने वाली पहली टीम बनी, मयंक की बदौलत लखनऊ ने लगातार दूसरा मैच जीता



बेंगजुरू। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आईपीएल 2024 के 15वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 28 रन से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 181 रन बनाए थे। जवाब में बेंगलुरु की टीम 19.4 ओवर में 153 रन पर सिमट गई। मयंक यादव ने एक बार फिर कहर बरपाया और तीन विकेट झटके। पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ भी उन्होंने तीन विकेट लेकर मैच जिताया था। उन्होंने लगातार दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।

बेंगलुरु की यह चार मैचों में तीसरी हार है। वहीं, लखनऊ की यह तीन मैचों में लगातार दूसरी जीत है। इस जीत के साथ लखनऊ की टीम अंक तालिका में चार अंकों के साथ चौथे स्थान पर आ गई है। वहीं, बेंगलुरु की टीम मुंबई से एक स्थान ऊपर नौवें स्थान पर है। आरसीबी के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड भी शामिल हो गया है। वह इस सीजन ऑलआउट होने वाली पहली टीम बन गई है।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की शुरुआत सधी हुई रही थी। क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के बीच पहले विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी हुई। राहुल 20 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल भी छह रन बनाकर पवेलियन चलते बने। मैक्सवेल ने फिर मार्कस स्टोइनिस को मयंक डागर के हाथों कैच कराया। वह 24 रन बना सके। इस बीच डिकॉक ने आईपीएल करियर का 22वां अर्धशतक पूरा किया। वह 56 गेंद में आठ चौके और पांच छक्के की मदद से 81 रन बनाकर आउट हुए। आयुष बदोनी खाता नहीं खोल सके। वहीं, निकोलस पूरन ने 21 गेंद में एक चौका और पांच छक्के की मदद से 40 रन की नाबाद पारी खेली। बेंगलुरु की ओर से मैक्सवेल ने दो विकेट लिए। वहीं, टॉप्ली, यश दयाल और सिराज को एक-एक विकेट मिला।

### बेंगलुरु की पारी

182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु टीम की शुरुआत अच्छी रही थी। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसिस ने 25 गेंद में 40 रन जोड़ लिए थे। इसके बाद पांचवें ओवर में स्पिनर एम सिद्धार्थ ने कोहली को पडिक्कल के हाथों कैच कराया। कोहली 16 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विकेट की झड़ी लग गई। फाफ डुप्लेसिस 19 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मयंक यादव ने ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार को पवेलियन भेज बेंगलुरु को बैकफुट पर धकेल दिया। मयंक की तेज गेंद बेंगलुरु का कोई बल्लेबाज नहीं खेल सका। उन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट झटके। अनुज रावत 11 रन, दिनेश कार्तिक चार रन बनाकर आउट हुए। महिपाल लोमरोर ने 13 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से 33 रन की पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मयंक डागर खाता नहीं खोल सके। रीस टॉप्ली तीन रन बना सके। लखनऊ की ओर से मयंक के अलावा नवीन उल हक ने दो विकेट लिए। वहीं, एम सिद्धार्थ, यश ठाकुर और मार्कस स्टोइनिस ने एक-एक विकेट लिया।

# वोज्नियाकी, अनिसिमोवा जीतीं ; वॉलिनेट्स ने 2024 का सबसे लंबा मैच जीता

चार्ल्सटन (अमेरिका)। पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता कैरोलिन वोज्नियाकी ने चार्ल्सटन ओपन में विजयी वापसी करते हुए लकी लूजर अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को केवल 61 मिनट में 6-0, 6-1 से हरा दिया। वोज्नियाकी की 2019 में चार्ल्सटन में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति के बाद से क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत थी, जब वह अब तक अपने तीन फाइनल में से तीसरे में पहुंची थी।



वोज्नियाकी, जो 2019 में लोकंट्री में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति में उपविजेता रही थीं, 2023 के मध्य में खेल में लौटने से पहले 2020 की शुरुआत में टेनिस से दूर हो गई थीं।

दूसरे दौर में, वोज्नियाकी अब नंबर 15 वरीयता प्राप्त एन्हेलिना कलिनिना के खिलाफ खेलेंगी, जिसके खिलाफ वह मियामी के उसी चरण में मैच प्वाइंट से यूक्रेनी को बाहर करने में विफल रही, कलिनिना टूर-स्तर पर चौथी सबसे लम्बी जीत 5-7, 7-5, 6-4 से हासिल करने में सफल रही। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा दूसरे दौर में वोज्नियाकी से जुड़ गईं। पूर्व चार्ल्सटन सेमीफाइनलिस्टों के बीच हुए मुकाबले में अनिसिमोवा ने सोमवार को फ्रांस की एलिजे कॉर्नेट को 1 घंटे 25 मिनट में 6-3, 6-0 से हराया। अनिसिमोवा अब दूसरे दौर में अपनी साथी अमेरिकी और नंबर 1 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी।बाद में शाम को, 22 वर्षीय अमेरिकी क्वालीफायर केटी वॉलिनेट्स ने नीदरलैंड की 54वीं रैंकिंग वाली अरांटेक्सा रस को 6-2, 6-7(6-8), 7-6(8-6) से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए। यह 3 घंटे और 43 मिनट की अवधि के साथ सीज़न का नया सबसे लंबा डब्ल्यूटीए टूर मैच था।

# उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने किया बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने एक बार मिसाइल का परीक्षण किया है। इस बार उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट के जलक्षेत्र की ओर मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। दक्षिण कोरिया की सेना की तरफ से परीक्षण को लेकर जानकारी दी गई है। उत्तर कोरिया की तरफ से किए गए मिसाइल परीक्षण के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया। दक्षिण कोरिया हमेशा से उत्तर कोरिया की इस तरह की हरकतों का विरोध करता रहा है। दक्षिण कोरिया का आरोप है कि उत्तर कोरिया उकसाने के लिए इस तरह के मिसाइल परीक्षण कर रहा है, इस तरह का परीक्षण कोरियाई प्रायद्वीप की शांति के लिए गंभीर खतरा हैं।



दक्षिण कोरिया के च्ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफज् ने कहा कि मिसाइल को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के पास एक क्षेत्र से प्रक्षेपित किया गया था, लेकिन फिलहाल यह नहीं पता कि मिसाइल ने कितनी दूरी तय की। उत्तर कोरिया का यह मिसाइल परीक्षण क्षेत्र में तनाव बढ़ाने वाला है।

लगातार किए है परीक्षण बता दें कि, उत्तर कोरिया ने पिछले महीने अपनी नई, मध्यम दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल के लिए ठोस-ईंधन चालित एक इंजन का परीक्षण किया था। इससे पहले, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने परमाणु आयुद्ध ले जाने में सक्षम उन रॉकेट को दागे जाने के अभ्यास का निरीक्षण किया जिन्हें दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल को कथित तौर पर निशाना बनाने के लिए बनाया गया है। उत्तर कोरिया की तरफ से किए गए मिसाइल परीक्षण को लेकर जापान भी एहतियात बरत रहा है। इस बीच जापान के तट रक्षक ने देश के रक्षा मंत्रालय का आकलन साझा करते हुए बताया कि मिसाइल पहले ही जल क्षेत्र में उतर चुकी है लेकिन इसके बावजूद उसने क्षेत्र से गुजरने वाले पोतों से सावधानी बरतने का आग्रह किया है।

# दिनेश चांडीमल ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट छोड़ा

चटगांव (बांग्लादेश)। श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश चांडीमल बांग्लादेश के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच के चौथे दिन पारिवारिक चिकित्सा जरूरत के कारण चटगांव से वापस कोलंबो लौट गए। चांडीमल की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप श्रीलंका को शेष मैच के लिए एक स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक को मैदान पर लाना पड़ा। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को एक बयान जारी कर इस कठिन समय में चांडीमल को अपना पूरा समर्थन देने पर जोर दिया और जनता से उनकी और उनके परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह किया।

दिनेश चंडीमल पारिवारिक चिकित्सा जरूरत के कारण तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच खेलने वाली टीम से हट गए हैं। इसके मुताबिक खिलाड़ी तुरंत घर लौट आएगा। एसएलसी द्वारा दिए गए एक बयान में कहा गया है, श्रीलंका क्रिकेट, उनके टीम के साथी और कोचिंग स्टाफ जरूरत के इस क्षण में दिनेश चांडीमल का पूरा समर्थन करते हैं और अनुरोध करते हैं कि जनता उनकी और उनके परिवार की गोपनीयता का सम्मान करे। तीसरी शाम को छह विकेट खोने के बावजूद, श्रीलंका ने दूसरी पारी में 353 रन की बढ़त लेकर टेस्ट पर नियंत्रण बनाए रखा। इस पारी में चांडीमल नौ रन बनाकर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए थे।

# पीएम मोदी ने आरबीआई की सराहना की कहा... 'आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर' बनना होगा

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले 10 वर्षों में भारत को 'वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर' अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करना चाहिए और प्रगति व विकास के पथ पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 90वीं वर्षगांठ समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के सत्ता संभालने के बाद विरासत में मिली गड़बड़ी से देश की अर्थव्यवस्था पिछले वर्षों में ऊपर उठी है और अब उड़ान भरने के लिए तैयार है।



प्रधानमंत्री ने कहा, भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है हमारी नीतियों ने अर्थव्यवस्था में हरित ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा जैसे नए क्षेत्र खोले हैं, जो निर्यात मोड में आ रहे हैं, एमएसएमई, अंतरिक्ष और पर्यटन। आरबीआई को युवाओं की आकांक्षाएं पूरी करनी चाहिए और युवाओं की मदद के लिए इन सभी उभरते क्षेत्रों के लिए 'आउट-ऑफ-द-बॉक्स' नीतियां विकसित करनी चाहिए। यह बताते हुए कि विश्व स्तर पर राष्ट्रों के लिए मुद्रास्फीति नियंत्रण और विकास के बीच संतुलन बनाना एक चुनौती है, पीएम मोदी ने आरबीआई से इसके लिए एक मॉडल का अध्ययन करने और विकसित करने का आह्वान किया।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना हुई भारतीय हॉकी टीम

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम सोमवार रात को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से रवाना हो गई है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 6 अप्रैल से शुरू होगी, जिसके बाद 7, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होंगे, जिसमें प्रशंसकों को हॉकी प्रतिभा का रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

ऑस्ट्रेलिया का दौरा भारतीय टीम के लिए अपनी तैयारियों का आकलन करने, अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने और पेरिस ओलंपिक से पहले सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए, टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और मैदान पर हर पल को यादगार बनाने के लिए तैयार है। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर और राउरकेला चरण के दौरान आखिरी बार अपनी ताकत दिखाने के बाद, हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने असाधारण कौशल और शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही भुवनेश्वर में चार में से तीन मैचों में जीत हासिल की और राउरकेला में अजेय क्रम बनाए रखा।

इससे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उनकी ताकत का प्रदर्शन हुआ, जिससे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला में उनके प्रदर्शन से काफी उम्मीदें जगी।

# प्रथम पेज का शेष

*भ्रामक विज्ञापन मामले में रामदेव...*

वहीं, अदालत ने केंद्र पर भी सवाल उठाए। उसने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि जब पतंजलि यह कहकर शहर जा रही थी कि एलोपैथी में कोविड का कोई इलाज नहीं है, तो केंद्र ने अपनी आंखें बंद रखने का फैसला क्यों किया? रामदेव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता बलबीर सिंह ने अदालत से योग गुरु की मौजूदगी और उनके बिना शर्त माफी मांगने पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था। साथ ही पक्षकारों के वकीलों को पूरे मुद्दे का समाधान खोजने में मदद करने की पेशकश की।

न्यायमूर्ति कोहली ने बालकृष्ण के वकील से कहा, आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि हलफनामा समय पर दाखिल हो। वहीं, पतंजलि ने अपनी याचिका में मांग की कि विज्ञापन मामले में ताजा हलफनामा दायर करने के लिए और समय दिया जाए। इस पर अदालत ने कहा कि कभी-कभी चीजों को सही फैसले तक पहुंचना जरूरी है। इस पर योग गुरु रामदेव ने पतंजलि के औषधीय उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने पर अदालत से बिना शर्त माफी मांगी। सुप्रीम कोर्ट ने आखिरी मौका देते हुए रामदेव और बालकृष्ण को एक सप्ताह के भीतर नया हलफनामा दाखिल करने को कहा। इसके साथ ही पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 10 अप्रैल तय करते हुए निर्देश दिया कि दोनों अगली सुनवाई के दिन उसके समक्ष उपस्थित रहेंगे। झूठी गवाही का मामला भी शुरू होना चाहिए- अदालत ने कहा उसे रामदेव और बालकृष्ण के खिलाफ झूठी गवाही का मामला भी शुरू करना चाहिए। क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि हलफनामे के साथ दस्तावेज जोड़े गए, जबकि दस्तावेज बाद में तैयार किए गए। यह झूठी गवाही का स्पष्ट मामला है। हम आपके लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे, लेकिन वही सब बता रहे हैं जो हमने अबतक देखा है।

पतंजलि ने बिना शर्त मांगी थी माफी- इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना नोटिस का जवाब नहीं देने पर बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को दो अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पतंजलि और आचार्य बालकृष्ण को अदालत के नोटिस का जवाब नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई थी और नोटिस जारी कर पूछा थी कि उनके खिलाफ अमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जाए। इसके बाद पतंजलि और आचार्य बालकृष्ण ने हलफनामा देकर माफी मांग ली थी। पतंजलति आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर बिना शर्त माफी मांगी थी। हलफनामा में आचार्य बालकृष्ण ने कहा था कि वह ये सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे विज्ञापन आगे से जारी न हों। साथ ही उन्होंने कहा था कि उनकी मंशा सिर्फ देश के नागरिकों को आयुर्वेदिक उत्पादों का इस्तेमाल करते हुए स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है।

*आप सांसद संजय सिंह ....*

मामले में 4 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किया था. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी दिली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में पहुंच गए हैं. संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और के. कविता पहले से ही इस मामले में जेल में कैद हैं. केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था और वह 10 दिनों तक उसकी हिरासत में रहे. प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत खत्म होने के बाद उन्हें विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया. ईडी ने उनकी 15 दिन की न्यायिक हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि उन्होंने बिल्कुल भी सहयोग नहीं किया. अदालत ने ईडी की याचिका मंजूर कर ली थी.

*यह बुरी आदतें, ऐसा नहीं करना चाहिए...*

कच्चातिवु द्वीप विवाद को लेकर कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम पर निशाना साधते हुए जयशंकर ने कहा कि तमिलनाडु के मछुआरों को पता होना चाहिए कि उन्हें इस स्थिति में किसने डाला। तत्कालीन प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने द्वीप को कोई महत्व नहीं दिया और श्रीलंका के साथ मछली पकड़ने के अधिकार पर बातचीत के संबंध में कानूनी राय की अवहेलना की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि मुद्दा यह नहीं है कि तत्कालीन सरकार की स्थिति क्या थी। मुद्दा यह भी है कि जनता को पता होना चाहिए कि डीएमके इसमें शामिल थी। अरुणाचल प्रदेश के कुछ क्षेत्रों का चीन द्वारा नाम बदले जाने पर जयशंकर ने कहा कि सबको पता है अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। अगर कोई किसी चीज का नाम बदल दें तो वास्तविकता में स्थिति नहीं बदलती, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

*पायलटों की कमी से जूझ रही...*

हालांकि, उड़ान संचालन का प्रबंधन एयरलाइंस द्वारा खुद किया जाता है। उड़ानों के रद्द होने या देरी की स्थिति में यात्री सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइंस को डीजीसीए मानदंडों का पालन करना होगा। एयरलाइन ने सोमवार को कहा था कि चालक दल की अनुपलब्धता और अन्य कारकों के चलते इसकी उड़ानें रद्द हो रही हैं या देरी से चल रही हैं।

*महुआ मोइत्रा की बढ़ी मुश्किलें....*

को स्थानीय शाही परिवार की बीजेपी की उम्मीदवार अमृता रॉय से सीधी चुनौती मिल रही है.49 वर्षीय महुआ मोइत्रा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में कृष्णानगर में आसानी से जीत हासिल की थी और 45 प्रतिशत वोट हासिल कर भाजपा के कल्याण चौबे को 60,000 वोटों से हराया था.

*कल्पना सोरेन चुनाव लड़ेंगी...*

वाली गठबंधन सरकार के सत्ता में आते ही विरोधियों द्वारा साजिश रची जाने लगी थी। चंपई सोरेन ने दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा उन्हें जेल में डालने की साजिश रच सकती है और इसका जवाब झारखंड की जनता अपने वोट से देगी। दुमका सीट से लड़ेंगे हेमंत सोरेन?- चंपई सोरेन ने इस बीच दुमका सीट का भी जिक्र किया। कहा जा रहा है कि जेल में रहकर हेमंत सोरेन इस सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। भाजपा ने दुमका से सीता सोरेन को टिकट दी है। बता दें कि सीता सोरेन शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं और तीन बार झामुमो विधायक रह चुकी हैं। सीता सोरेन ने यह आरोप लगाकर पार्टी छोड़ दी थी कि 2009 में उनके पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद उन्हें और उनके परिवार को अलग-थलग कर दिया गया। मार्च महीने में सीता ने भाजपा का दामन थामा।

हेमंत सोरेन को क्यों हुई थी जेल?- झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को प्रर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। फिलहाल उन्हें न्यायिक हिरासत में रख गया है। रांची की एक विशेष अदालत ने 22 फरवरी को सोरेन को विधानसभा सत्र में भाग लेने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, इससे पहले पांच फरवरी को हाई कोर्ट ने सोरेन को विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति दी थी। सोरेन के खिलाफ धन शोधन के आरोप अवैध रूप से अचल संपत्ति रखने और भूमि माफिया से कथित संबंध रखने से जुड़े हैं।

*मुंबई में टूटा इंडी गठबंधन....*


मुंबई की बात करें तो एक भी कांग्रेस नेता ने ज्यादा लोकसभा सीटों के लिए जोर नहीं डाला। जब पहली बार लोकसभा सीट आवंटन पर चर्चा हुई थी, तो कांग्रेस ने मुंबई में छह में से तीन सीटें मांगी थीं। इसमें दक्षिण मध्य, उत्तर मध्य और उत्तर पश्चिम मुंबई निर्वाचन क्षेत्र शामिल थे।

बीजेपी से डरी उद्धव सेना- हालांकि, अब 20 दौर की चर्चा के बाद कांग्रेस को सिर्फ एक सीट मिली है। बाकि सीटें उद्धव की शिवसेना ले गई। कांग्रेस को सिर्फ उत्तर मध्य मुंबई सीट मिली है। जहां उद्धव ठाकरे का आवास 'मातोश्री' है। फिर भी यह सीट ठाकरे गुट को नहीं चाहिए। संजय निरुपम ने सवाल उठाया कि उद्धव गुट ने कांग्रेस को यह सीट इसलिए दी है, क्योंकि उन्हें यहां सीधे तौर पर बीजेपी से मुकाबला करने से डर लगता हैं क्या? उद्धव को मुंबई में पांच सीटें किस आधार पर दी गईं? क्योंकि शिवसेना अब पहले वाली शिवसेना नहीं रही और पता नहीं उनके पास कितना जनसमर्थन है। उद्धव ठाकरे के प्रति सिर्फ सहानुभूति है और ये सहानुभूति कितने वोटों में तब्दील होगी, इसका अंदाजा अभी नहीं लगाया जा सकता। मुंबई उत्तर मध्य निर्वाचन क्षेत्र में महायुति और महाविकास अघाडी दोनों ने अपने प्रत्याशी तय नहीं किए हैं।

इस सीट पर पिछले 10 साल से बीजेपी की पूनम महाजन सांसद हैं। कहा जा रहा है कि इस बार उनका टिकट बीजेपी काट सकती है। संजय निरुपम क्यों खफा!- बता दें कि शिवसेना (यूबीटी) ने मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार बनाया है। अमोल के पिता गजानन कीर्तिकर इस सीट पर मौजूदा सांसद हैं। गजानन कीर्तिकर अब एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना में हैं। जिस वजह से कांग्रेस नेता संजय निरुपम नाराज हैं। उन्होंने अमोल कीर्तिकर पर घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाकर उनकी उम्मीदवारी पर आपत्ति जताई है। दरअसल मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से निरुपम ने 2019 लोकसभा चुनाव लड़ा था। लेकिन तब शिवसेना के उम्मीदवार गजानन कीर्तिकर से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। निरुपम फिर इस सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे। निरुपम 2014 लोकसभा चुनाव में भी असफल रहे थे।

*देश में भाजपा का मतलब ....*

के चुनाव जीतने की बात नहीं कर रहे हैं... खुद जीतेंगे या नहीं जीतेंगे उस पर वे मौन रहते हैं... लेकिन वे देश को धमकी दे रहे हैं कि अगर भाजपा जीती तो देश में आग लग जाएगी. मोदी 10 साल से बैठा है जो तुम्हारी लगाई हुई आग को बुझा रहा है. प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का यह लोकसभा चुनाव विकसित राजस्थान और विकसित भारत के संकल्प का चुनाव है. उन्होंने कहा कि यह चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए और भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए है. उन्होंने कहा, 2024 के इस चुनाव में देश की सियासत फिर दो खेमों में बंटी नजर आ रही है. आज एक तरफ राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर चलने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ देश को लूटने के मौके तलाशने वाली कांग्रेस पार्टी है. मौजूदा लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान में राजस्थान में मोदी की यह पहली चुनावी रैली थी. रैली में मुख्यमंत्री भजनलाल सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे.



# 100 में से केवल 1.4 लोग ही सरकारी नौकरी वाले, फिर भी गवर्मेंट जॉब पहली पसंद क्यों ?

भारत में लाखों लोग सरकारी नौकरी, लगभग कोई भी सरकारी नौकरी पाने के लिए संघर्ष करते हैं. केवल दो उदाहरण लेते हैं. हाल ही में,60,000 यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए, 48 लाख कैंडिडेट्स ने आवेदन किया था, अगर इसका रेश्यो निकाला जाए तो यह 1.25 फीसदी आएगा. ऐसा ही सेना में जवानों की भर्ती के लिए भी होता है, जहां सिर्फ 3-4 फीसदी लोगों को ही चुना जाता है. यह इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन (ILO) की 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है. सुधारों के 30 साल बाद भी और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में, सरकारी नौकरी इतनी पॉपुलर क्यों है ? इसके कई कारण हैं.

टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक यह तब है जब भारत में एलएफपीआर 49.9 फीसदी है, या भारत में 972 मिलियन कामकाजी उम्र के लोगों का लगभग आधा है. लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन दर कामकाजी उम्र के लोगों का अनुपात है जो काम के लिए उपलब्ध हैं. सरकारी नौकरियां तो बहुत कम हैं, फिर भी हर कोई सरकारी नौकरी पाने के लिए जद्दोजहद करता है, क्योंकि सरकारी नौकरियों में जॉब सिक्योरिटी समेत कई चीजें होती हैं जो प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में नहीं मिलती हैं.

ज्यादातर नॉन गवर्मेंट जॉब्स के साथ क्या दिक्कत है ?

भारत में अच्छी प्राइवेट नौकरियां कम हैं, जिनमें हर महीने सैलरी और छुट्टियां जैसी सुविधाएं मिलती हों. शहरों में भी, सिर्फ करीब 50 फीसदी ही नौकरियां ऐसी हैं जिनमें रेगुलर सैलरी मिलती है. और इनमें से भी सिर्फ 47 फीसदी ही ऐसी नौकरियां हैं जहां छुट्टियां मिलती हैं. हालात और भी खराब हो जाते हैं, क्योंकि 43 करोड़ से भी ज्यादा असंगठित क्षेत्र की नौकरियों में काम करने की परिस्थितियां तो और भी खराब होती हैं.




# कैसे चुनें स्ट्रीम या डिप्लोमा कोर्स ? 10वीं के बाद न हों कन्फ्यूज, ऐसे लें फैसला

10वीं का रिजल्ट सामने आने के बाद छात्रों को सबसे अहम फैसला लेना होता है कि 10वीं के बाद क्या स्ट्रीम चुनी जाए. छात्रों के सामने साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स, तीन विषयों में आगे की पढ़ाई करने का ऑप्शन होता है. कई छात्र डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्सेस की तरफ भी आगे बढ़ते हैं. अगर आप एक स्टूडेंट हैं और आपको यह समझ नहीं आ रहा है कि 10वीं के बाद आपको कौन से सब्जेक्ट सेलेक्ट करने चाहिए तो हम आपको बताते हैं कि आपके पास क्या-क्या ऑप्शन हैं.



10वीं के बाद कोई भी कोर्स चुनने से पहले यह जरूर जान लें कि आप जो भी विषय चुनें उसमें आपकी रुचि होनी चाहिए. करियर चुनने से पहले आप अपने शिक्षकों की सलाह जरूर लें. सबसे पहले तो यह जान लीजिए कि 10वीं के बाद छात्रों साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स स्ट्रीम में से किसी एक को चुन सकते हैं.

यदि आप विज्ञान में रुचि रखते हैं, तो आप 11वीं और 12वीं कक्षा में विज्ञान स्ट्रीम चुन सकते हैं. यह आपको इंजीनियरिंग, मेडिसिन, और अन्य वैज्ञानिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए तैयार करेगा. वहीं, यदि आप बिजनेस और फाइनेंस में रुचि रखते हैं, तो आप 11वीं और 12वीं कक्षा में कॉमर्स स्ट्रीम चुन सकते हैं. यह आपको अकाउंटेंसी, इकोनॉमिक्स, और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए तैयार करेगा. वहीं, कुछ छात्रों की रुचि कला क्षेत्र में भी होती है. अगर कोई छात्र मानविकी और सामाजिक विज्ञान में करियर बनाना चाहता है आर्ट्स स्ट्रीम चुन सकते हैं. यह आपको इतिहास, राजनीति विज्ञान और मनोविज्ञान जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए तैयार करेगा.

10वीं के बाद कर सकते हैं ये डिप्लोमा कोर्सेस

आप 10वीं के बाद विभिन्न डिप्लोमा कोर्सेज भी कर सकते हैं.

# फार्मेसी की पढ़ाई करने वालों के लिए क्या हैं सरकारी नौकरी के ऑप्शन



भारत में फार्मेसी (बी.फार्मा) में स्नातक की डिग्री पूरी करने से सरकारी क्षेत्र में करियर के कई रास्ते हैं. डिग्री के बाद इस फील्ड में सरकारी नौकरी पाने के लिए आप यूपीएससी, एसएससी या विशिष्ट राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं. इसके अलावा आप मास्टर्स या पीएचडी भी कर सकते हैं. फार्मेसी सेक्टर में आपको पब्लिक हेल्थ और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण योगदान देने का मौका मिलता है. यहां फार्मेसी ग्रेजुएट्स के लिए बेहतरीन सरकारी नौकरी के विकल्प उपलब्ध हैं...

रेगुलेटरी अफेयर्स ऑफिसर

सीडीएससीओ, भारतीय फार्माकोपिया आयोग, राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण जैसे कई सरकारी संगठन फार्मास्युटिकल रेगुलेटरी अफेयर्स ऑफिसर की भर्ती करते हैं. वे फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सरकारी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और जटिल नियामक ढांचे को नेविगेट करते हैं.

ड्रग इंस्पेक्टर

भारत में एक ड्रग इंस्पेक्टर फार्मास्युटिकल उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. ड्रग इंस्पेक्टर विनिर्माण सुविधाओं का निरीक्षण करने और वितरण श्रृंखला की निगरानी के लिए जिम्मेदार है. वे दवा कानूनों के अनुपालन को लागू करते हैं और पूरे उद्योग में दवा गुणवत्ता मानकों को बनाए रखकर में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं.

फार्मासिस्ट

सरकारी अस्पतालों में फार्मासिस्ट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो दवाएं वितरित करने, रोगियों को उनके उपयोग पर परामर्श देने और स्वास्थ्य देखभाल टीमों के साथ मिलकर काम करने के लिए जिम्मेदार होते हैं. वे दवाओं की उपलब्धता और उचित भंडारण सुनिश्चित करते हैं. इन सेटिंग्स में फार्मासिस्ट सुरक्षित और प्रभावी दवा के उपयोग को बढ़ावा देने, रोगी देखभाल की गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू कामकाज में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं.

रिसर्च ऑफिसर

भारत सरकार की प्रयोगशालाओं जैसे चिकित्सा अनुसंधान परिषद या वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद में फार्मास्युटिकल रिसर्च ऑफिसर को दवा की खोज और विकास का काम सौंपा जाता है. वे नई दवाओं पर शोध, उनकी प्रभावशीलता और सुरक्षा का विश्लेषण करते हैं. रिसर्च ऑफिसर अभूतपूर्व खोजों में योगदान और फॉर्मूलेशन विकसित करते हैं.

फार्माकोविजिलेंस ऑफिसर का काम

फार्माकोविजिलेंस ऑफिसर फार्मास्युटिकल उत्पादों की सुरक्षा की निगरानी और मूल्यांकन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं को एकत्र करने, विश्लेषण और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार, वे सीडीएससीओ जैसी एजेंसियों द्वारा निर्धारित नियामक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करते हैं. फार्माकोविजिलेंस अधिकारी जोखिम मूल्यांकन और दवाओं के सुरक्षित उपयोग में योगदान करते हैं.

फार्माकोविजिलेंस ऑफिसर

कई सरकारी संगठन जैसे केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन, राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, भारतीय फार्माकोपिया आयोग, राज्य औषधि नियंत्रण विभाग, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और आईसीएमआर फार्माकोविजिलेंस अधिकारियों की भर्ती करते हैं.

ड्रग एनालिस्ट

भारत में कई सरकारी संगठन ड्रग एनालिस्ट की भर्ती करते हैं. ड्रग एनालिस्ट फार्मास्युटिकल उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. इनका काम सीडीएससीओ और आईपीसी जैसी एजेंसियों द्वारा निर्धारित नियामक मानकों के पालन को वेरिफाई करने के लिए दवाओं का परीक्षण और विश्लेषण करना है. वे मूल्यांकन और गुणवत्ता नियंत्रण जांच कर बाजार में उपलब्ध दवाओं की सुरक्षा बनाए रखने में अहम योगदान देते हैं.



# किसानों के लिए पैसा कमाने का आसान तरीका, बस करनी हैं ये वाली खेती...



किसानों के पास कई तरह की खेती करके अच्छी कमाई करने का मौका है. अगर आप भी किसान है और यह सोच रहे हैं कि किस तरह की खेती करके ज्यादा पैसा कमाएं तो आज हम आपको एक ऐसी खेती के बारे में बताएंगे, जिसके जरिए आप हर महीने अच्छी कमाई कर सकते हैं. आप बांस की खेती कर सकते हैं. इस समय देश की बड़ी जनसंख्या खेती पर निर्भर है. ऐसे में बांस की खेती एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है. बांस की हमेशा से ही मार्केट में काफी ज्यादा डिमांड रहती है. तो इस हिसाब से आपकी अच्छी कमाई होना भी तय है.

आसान होती है बांस की खेती

बांस की खेती करना काफी आसान होता है. आपको इसके पौधे को नर्सरी से लेकर आना है और बस इसकी रोपाई करनी होती है. इसकी रोपाई के लिए आपको करीब 2 फीट गहरा और 2 फीट चौड़ा गड्ढा करना होता है. आपको ज्यादा रेतीली मिट्टी में इसकी रोपाई करने से बचना है. जब आप इस पौधे को लगा लेंगे तो आपको आने वाले एक महीने तक हर रोज पानी देना होगा.

कम पैसे में हो जाएगी खेती

बांस की खेती की खास बात यह है कि इसके लिए आपको ज्यादा पैसे नहीं खर्च करने होते हैं. इसके अलावा 3 महीने के बाद ही पौधा बढ़ना भी शुरू हो जाता है. पौधे को बढ़ाने के लिए आपको ज्यादा जद्दोजहद करने की जरूरत नहीं होती है.

सरकार दे रही सब्सिडी

केंद्र सरकार की तरफ से साल 2006 से ही बांस की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है. इस खेती पर सरकार की तरफ से 50 फीसदी की सब्सिडी भी दी जा रही है.

मार्केट में है काफी डिमांड

इस समय मार्केट में बांस की डिमांड भी ज्यादा है और इसको किसान अच्छी कीमत पर बेच भी सकते हैं. इस समय बांस से बने

# अब नौकरी करते हुए भी कर सकते हैं कोर्स

भारत में आज भी लाखों ऐसे युवा हैं जो नौकरी करते हुए अपनी पढ़ाई भी जारी रखना चाहते हैं, लेकिन कई बार फुलटाइम जॉब करते हुए ऐसा करना मुश्किल हो जाता है. हर साल अलग-अलग यूनिवर्सिटी में तो कई युवा अपना नामांकन भी करवा लेते हैं लेकिन नौकरीपेशा होने की वजह से कोर्स पूरा नहीं कर पाते हैं.

इन समस्याओं को देखते हुए और नौकरीपेशा युवाओं के स्किल को बढ़ाने के लिए भारत के टॉप संस्थानों में शुमार आईआईएम संबलपुर ने हाल ही में अपने दिल्ली कैम्पस में एमबीए फॉर वर्किंग प्रोफेशनल्स (2024-2026) प्रोग्राम में एडमिशन के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया है.



इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने वाले छात्र अब नौकरी के साथ पढ़ाई कर पाएंगे. आवेदन की आखिरी तारीख 15 अप्रैल, 2024 है. दो साल के इस प्रोग्राम को उद्यमशीलता के साथ-साथ नई स्किल को बढ़ावा देने और संगठनात्मक विकास को आगे बढ़ाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है.

इस प्रोग्राम में नौकरीपेशा लोगों को बेहतर रणनीति बनाने के काबिल बनाने की कोशिश की जाएगी. इस प्रोग्राम के लिए कक्षाएं हर वीकेंड पर हाइब्रिड तरीके से आयोजित की जाएगी ताकी नौकरीपेशा लोग आसानी से इन कक्षाओं में शामिल हो पाएं.


इस प्रोग्राम में एडमिशन लेने वाले युवाओं को बिजनेस मैनेजमेंट के अलग-अलग क्षेत्रों की जानकारी दी जाएगी. इसमें वित्त, मार्केटिंग, रणनीति, मानव संसाधन प्रबंधन और संचालन के बारे में बताया जाता है.

एग्जीक्यूटिव एमबीए कोर्स (2024-26) के सिलेबस को भी कामकाजी पेशेवर यानी नौकरी करने वाले लोगों के हिसाब से तैयार किया गया है. इसमें खासकर ऐसे लोगों को एडमिशन लेना चाहिये जो एंटरप्रेन्योर हैं, अपना काम शुरू करना चाहते हैं या केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों का लाभ उठाना चाहते हैं.

इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के पास स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना जरूरी है. इसके अलावा आवेदक के पास कम से कम 3 साल नौकरी करने का अनुभव होना जरूरी है.

इस कोर्स के लिए आवेदन करने के बाद आपका इंटरव्यू लिया जाएगा और इसके आधार पर ही चयन किया जाएगा. फाइनल मेरिट लिस्ट आवेदक के प्रदर्शन, शैक्षणिक योग्यता और नौकरी के अनुभव के आधार पर तैयार किया जाएगा.

# जर्सी गाय से लाखों की कमाई करें पशुपालक



खेती-किसानी के बाद, भारतीय किसानों की आय का सबसे बड़ा स्त्रोत पशुपालन होता है. किसान घर में गाय, भैंस, बकरी पाल कर पशुपालन में पैसे कमाते हैं. इनमें भी सबसे ज्यादा पशुपालक गायों का ही पालन करते हैं. अगर आप भी पशुपालक हैं और गाय पालने की सोच रहे हैं तो आपको जर्सी गाय पालनी चाहिए. विशेषज्ञ पशुपालकों को सबसे ज्यादा जर्सी गाय पालन की सलाह देते हैं. जर्सी गाय एक दिन में 12 से 15 लीटर दूध देने की क्षमता रखती है.

कैसे करें जर्सी गाय की पहचान ?

इस गाय का रंग हल्का पीला होता है जिसपर सफेद रंग के चित्ते बने रहते हैं. किसी-किसी गाय का रंग हल्का लाल या बादामी भी होता है. वहीं, इस गाय का सिर छोटा होता है, पीठ और कंधे एक लाइन में होते हैं. इस गाय के सींग लंबे नहीं होते हैं और ना ही इनकी पीठ पर कूबड़ होता है.

किस तापमान में रह पाती हैं जर्सी गाय ?

जर्सी गाय ठंडे तापमान में खुद को अच्छी तरह ढालती हैं. गर्म तापमान में जर्सी गाय को खुद को ढालना मुश्किल हो जाता है.

# ये लड़ाई हमारी नहीं भारतीय लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है - भूपेश बघेल

## ये आम नही खास चुनाव है, नामांकन रैली में उमड़ा जनसैलाब









राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने आज विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद स्टेट स्कूल मैदान में कांग्रेस की विशाल जनसभा आयोजित हुई। यहां मौजूद अपार जनसमूह ने अपने नेता और प्रत्याशी का जोरदार अभिवादन कर अपना उत्साह प्रदर्शित किया।

प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री व संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री शिव डहरिया, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा, कांग्रेस नेता राजेश तिवारी, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संबोधन सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद थे।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आमजनों से कांग्रेस को जिताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में तानाशाह हो चुकी मोदी सरकार को हटाने का वक्त आ गया है। उन्होंने आज पार्टी में प्रवेश करने वाले नए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और उन्हें कांग्रेस का हाथ मजबूत करने की बात कही। जो संकट के समय साथ छोड़ रहे उन्हें कभी साथ नहीं लेने की बात कही। पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने भी कांग्रेसजनों के उत्साह की प्रशंसा की करते हुए कहा कि उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद किए जाने को लेकर विष्णुदेव साय सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस सरकार को जनहितैषी योजनाएं रास नहीं आई और ये अब जनता को गर्त में धकेल रही है। पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने भी भाजपा सरकार की कार्यशैली और मोदी सरकार की तानाशाही का विरोध किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को जांच एजेंसियों के नाम पर डराया जा रहा है। जेल भेजने का षड़यंत्र किया जा रहा है। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने अपने ओजश्वी अंदाज में कहा कि ये लड़ाई हमारी नही हिंदुस्तान के लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। जब सेवा करनी होती है तो कोई परिस्थिति आ जाए, कोई संकट आ जाए कोरोना में भी हमने जनता की सेवा की है हम सभी साथी आपके सेवा में समर्पित रहते हैं। जिस दिन ये भाजपा सरकार आप पर अत्याचार करेगी, आपके साथ अन्याय करेगी, आदिवासियों को जेल भेजने का काम करेगी, फर्जी केस दायर करवाएगी तो ये भूपेश बघेल और उसके साथी आपकी लड़ाई लड़ेंगे इस बात का मैं आपको विश्वास दिलाता हूं। उन्होंने कहा हमें देश को बचाना है, लोकतंत्र को बचाना है। आप कांग्रेस का साथ दीजिए, आशीर्वाद दीजिए। यही पार्टी है जिसने देश को आजाद कराया, संविधान दिया और प्रजातंत्र को मजबूत करने का काम किया है।

भूपेश बघेल ने भाजपा की मोदी की गारंटी को लेकर कहा कि जब भाजपा चुनाव जीत गई और महिलाओं को पैसे देने की बारी आई तो उन्होंने तारीख पर तारीख देना शुरु कर दिया। आखिर में उन्होंने चार महिने बाद एक हजार रुपए थमा दिए। बाकी के तीन हजार रुपए की सरकार ने डंडी मार दी। सालभर में 12 हजार रुपए महिलाओं को नहीं मिलने वाले हैं। सरकार उन्हें केवल 9 हजार रुपए ही देगी।

बघेल जी के चुटीले अंदाज के साथ भीड़ से समर्थन की आ रही आवाज से सुर मिलाते हुए उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री में तीस प्रतिशत बढ़ोतरी हो गई सांय-सांय, नौजवान सुन लें अब पीएससी की परीक्षा देना है तो फीस चुकाना होगा सांय-सांय, व्यापम की परीक्षा दोगे फीस चुकाओगे सांय-सांय... स्वामी आत्मानंद स्कूल में जो बच्चे पढ़ते होंगे उनकी भी फीस पटानी होगी। पहले ये निःशुल्क था। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भाषण पर जमकर तालियां बजी और लोगों ने उनके पक्ष में आवाज बुलंद की। सभा में पूरे संसदीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में जनता कार्यकर्ता उपस्थित थे। जनसभा के बाद विशाल जनसमूह के साथ कांग्रेस की रैली निकली। पूर्व मुख्यमंत्री की मौजूदगी में शहर के जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, सिनेमा लाईन, फौव्वारा चौक होते हुए इस रैली का समापन मां शीतला मंदिर में हुआ। कांग्रेस के लहराते झंडे, जोरदार नारेबाजी के साथ सभी कांग्रेसजनों ने अपना पूरा जोश दिखाया। सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई सहित सभी विंग्स के पदाधिकारी कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहे। शहर के नागरिकों ने आगे आकर पूर्व मुख्यमंत्री का अभिवादन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

## सुभाष द्वार स्थित व्यावसायिक परिसर के भूतल की दुकानों की प्रीमियम भुगतान नहीं करने पर निगम ने की 3 दुकानों में तालाबंदी



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा सुभाष द्वार (दिल्ली दरवाजा) के पास भूतल एवं प्रथम तल में व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है। भूतल में निर्मित 6 दुकानों को नियमानुसार नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है। आबंटितों को प्रीमियम राशि का भुगतान करने अनेको बार नोटिस जारी किया गया, नोटिस उपरांत प्रीमियम का भुगतान नहीं करने पर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर 6 दुकानों में से क्रमशः दुकान क्रं. 2,3 व 4 को निगम द्वारा तालाबंदी कर सील करने की कार्यवाही की गयी।

प्रीमियम की राशि का भुगतान नही करने पर आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश एवं उपायुक्त मोबिन अली के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर, राजस्व उप निरीक्षक रविन्द्र ठाकुर व राजकुमार बंजारे, सहायक ग्रेड-2 अभिजीत हरिहारनो, सहायक ग्रेड-3 प्रकाश साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक रमेश बघेल एवं निगम की टीम सुभाष द्वार (दिल्ली दरवाजा) के पास भूतल की दुकान क्रं. 2 जो श्री विजय धनवानी को आबंटित है। इसी प्रकार दुकान क्रं. 3 हरीश सोनछत्रा तथा दुकान क्रं. 4 आबंटित रामनुज वर्मा द्वारा प्रीमियम की राशि जमा नहीं करने पर उपरोक्त तीनों दुकान में तालाबंदी कर सील की गयी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा सुभाष द्वार (दिल्ली दरवाजा) के पास भूतल में निर्मित 6 दुकाने नियमानुसार नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है। आबंटन उपरांत प्रीमियम जमा करने इन्हें अनेक बार नोटिस जारी किया गया, नोटिस उपरांत दुकान क्रं. 1, 5 व 6 के आबंटितों द्वारा प्रीमियम का भुगतान किया गया, किन्तु दुकान क्रं. 2, 3 व 4 के आबंटितों ने प्रीमियम राशि का भुगतान नही किया, और न ही उनके द्वारा किसी प्रकार का भुगतान किये बिना सम्पर्क भी नहीं किया गया और दुकान क्रं. 2 विजय धनवानी के 20 लाख रूपये, दुकान क्रं. 3 हरीश सोनछत्रा के 28 लाख रूपये एवं दुकान क्रं. 4 रामनुज वर्मा के 9 लाख रूपये बकाया प्रीमियम राशि जमा नहीं करने पर कार्यवाही करते हुये उपरोक्त तीनों दुकाने सील की गयी। उन्होंने बताया कि दुकानों का प्रीमियम व किराया का भुगतान नहीं करने पर आगे भी दुकानों में सील करने की कार्यवाही की जावेंगी।

# परीक्षा दिलाने खैरागढ़ आ रहे बाइक सवार दो बच्चियों की दर्दनाक मौत

## एक ही बाइक पर चार लोग सवार थे, पीछे बैठी लड़की का दुपट्टा चक्का में फंस गया

**खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ से राजनांदगांव रोड पर पेंड्री कला और बढ़ईटोला के बीच आज तड़के सुबह साढ़े छः बजे के आसपास सड़क दुर्घटना में दो लड़की की मौत हो गई। एक लड़की की मौके पर ही मौत हो गई, तो दूसरी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दी वही तीसरी लड़की और गाड़ी चला रहे लड़के को मामूली चोट आई है।**



### ग्रामीणों ने संजीवनी एम्बुलेश 108 को सूचना देकर अस्पताल पहुंचाया

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक मोटरसाइकल में चार लोग सवार थे। जिसमें तीन लड़की सहित एक लड़का बाइक चला रहा था। बढ़ईटोला तरफ से चारों लोग एक ही मोटर साइकल से खैरागढ़ परीक्षा दिलाने आ रहे थे, तभी पेण्ड्रीकला बढ़ईटोला के बीच बांध के पास पीछे बैठी लड़की का दुपट्टा मोटरसाइकल के चक्का में फंस गया, जैसे ही दुपट्टा चक्का में फसा सभी मोटरसाइकल से अनियंत्रित होकर गिर गए। शिकारीटोला निवासी कैलाश वर्मा पिता हरि राम वर्मा बाइक चला रहा था, इनके साथ लीलावती वर्मा पिता पूरन वर्मा महमरुमकला, विक्टोरिया पाल पिता गोपाल पाल डुमरडीह, रेशमी वर्मा पिता रामसाय वर्मा सेमरा चारों एक ही बाइक पर सवार थे। जिसमें विक्टोरिया पाल निवासी डुमरडीह व रेशमी पाल निवासी सेमरा दो लड़कियों की मौत हो गई गई है।

कैलाश वर्मा एग्जाम के लिए खैरागढ़ आ रहा था, अपनी फुफेरी बहन लीलावती को खैरागढ़ में रिश्तेदार के घर भी छोड़ने का सोच कर निकला था, तभी ठेलकाडीह में विक्टोरिया और रेशमी मिले, वो कैलाश के दोस्त थे, परीक्षा देने के लिए उनको भी जाना था। इसलिए एक ही मोटरसाइकिल में चारों बैठ गए, तभी पीछे बैठी एक लड़की का दुपट्टा चक्का में फंस गया, चक्का में दुपट्टा फसते ही सभी बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गए, जहा रेशमी की मौके पर ही मौत हो गई, वही विक्टोरिया पाल का इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके आलावा कैलाश वर्मा व लीलावती का खैरागढ़ शिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। यातायात विभाग के तमाम कोशिशों के बावजूद भी केसीजी जिले में सड़क हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है।

पखवाड़े भर के भीतर जोरातराई में एक ही परिवार के पति पत्नी सहित तीन लोगों की चिता की राख ठंडा नहीं हुई वही आज एक और बड़ा सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई।

# आदिवासी नेता सुरजु टेकाम गिरफ्तार

## सुरजू टेकाम के घर से बरामद हुआ गोला बारूद



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर क्षेत्र में अनेक बार अशांति फैलाने और नक्सल समर्थक की पहचान रखने वाले कथित आदिवासी नेता सुरजू टेकाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके घर से बारूद, नक्सल पर्चे, नक्सल साहित्य, कोर्डेक्स वायर, डेटोनेटर, बैटरी आदि सामान बरामद हुआ है।

उल्लेखनीय है कि, मानपुर विकासखंड के ग्राम कलवर निवासी आदिवासी नेता सुरजू टेकाम अपने विवादित बयानों के लिए पिछले अनेक वर्षों से आए दिन चर्चा में बना रहता है। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान भाजपा नेताओं को देखते ही काट डालो कहने वाले सुरजू टेकाम पर लंबे समय से पुलिस की नजर थी। सुरजू पहले भी कई बार नक्सलियों का समर्थक होने के कारण जेल भेजा जा चुका है। सोमवार की रात पुलिस की टीम ने मानपुर विकासखंड के ग्राम कलवर निवासी आदिवासी नेता 54 वर्षीय सुरजू टेकाम, पिता-बुल्लु टेकाम के घर देर रात रेड मारी। पुलिस को कार्रवाई के दौरान सुरजू टेकाम के घर से अनेक आपत्तिजनक सामान मिले। इसके बाद पुलिस ने सुरजू टेकाम को गिरफ्तार कर लिया और एन.आई.ए. कोर्ट बिलासपुर में पेश किया है।

### खुले मंच से दी थी भाजपा नेताओं को धमकी

उल्लेखनीय है कि, आदिवासी नेता सुरजू टेकाम नक्सल मामले में कई बार जेल जा चुका है। वहीं एक बार मानपुर मुख्यालय में सुरजू टेकाम ने एक सभा में खुले मंच से भाषण देते हुए कहा था कि 'भाजपा नेता चुनाव में वोट मांगने आता है तो वहीं काट डालो।' इसके बाद जिले के भाजपा नेताओं ने सुरजू टेकाम पर एफ.आई.आर. दर्ज करने के लिए मानपुर थाने का घेराव करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। ऐसे ही कई मामलों में नेता सुरजू टेकाम जेल जा चुका है।

# नितिन नबीन ने ली राजनांदगांव लोकसभा की 4 विधानसभाओं की बैठक नामांकन से लेकर चुनाव तक की सारी रणनीति तैयार



### नामांकन की तैयारियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

राजनंदगांव।(दावा)। भारतीय जनता पार्टी चुनाव प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन ने आज राजनांदगांव लोकसभा के अंतर्गत चार विधानसभाओं डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खुज्जी, मानपुर मोहला के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नितिन नवीन ने चारों विधानसभाओं के पदाधिकारीयो के साथ बैठक कर, आने वाले दिनों में की जाने वाली गतिविधियों की रणनीति तैयार की और नामांकन रैली से लेकर चुनाव तक होने वाले सभी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा कर सामाजिक क्षेत्र के लोगों, व्यावसायिक क्षेत्र के हर वर्ग, शक्ति केंद्र, बूथ स्तर के कार्यक्रम तक की रणनीति तैयार की गई, इस दौरान श्री नितिन नवीन ने राजनांदगांव में 4 अप्रैल को होने वाले नामांकन रैली की तैयारी की समीक्षा की, साथ ही आगामी दिनों में राजनांदगांव लोकसभा में केंद्रीय नेताओं के कार्यक्रम एवं सभाओं के लिए चर्चा की । बैठक में श्री नवीन ने कहा कि भूपेश बघेल को विधानसभा चुनाव में जनता ने जैसा सबक सिखाया,उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस के पिछले कार्यकाल से जनता कितनी खफा रही और राजनांदगांव लोकसभा की जनता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की उपलब्धि एवं मोदी जी की गारंटी पर विश्वास करते हुए भाजपा को वोट करने जा रही है, अपने ही कार्यकर्ताओं के इल्जाम झेल रहे, भूपेश बघेल का इस लोकसभा में हारना तय है।

राजनांदगांव लोकसभा की महत्वपूर्ण बैठक में राजनांदगांव प्रत्याशी संतोष पांडे, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, लोकसभा कलस्टर प्रभारी राजेश मूणत, लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामजी भारती भरत वर्मा, चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य संयोजक भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा, दिनेश गांधी, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।


**ड्राइवर चाहिए**

**6 चक्का गाड़ी अशोका लीलैंड के लिए ड्राइवर चाहिए, गाड़ी सीजी और महाराष्ट्र में चलेगी, वेतन एवं भत्ता। समय सुबह 10 बजे से 2 बजे तक**

-: संपर्क करें :-
मो. 70000 20052







# कांग्रेस की बूथ कमेटी की बैठक मोहड़ में संपन्न, वार्ड से जीत का किया वादा



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रचंड मतों से विजयी बनाने के लिए शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक द्वारा ब्लॉक के प्रत्येक बूथ कमेटियों की बैठक निरंतर ली जा रही है। इसी क्रम में 1 अप्रैल, दिन सोमवार को वार्ड क्रमांक 49 ग्राम मोहड़ में बूथ क्रमांक 151, बूथ क्रमांक 152 के बूथ कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के निर्देश पर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा आयोजित की गई।

उक्त बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष ने बूथ कमेटी के सदस्यों एवं वार्ड के वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बूथ प्रबंधन एवं कांग्रेस की रीति-नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हर गरीब परिवार से एक महिला को प्रतिवर्ष एक लाख रुपया देगी, वहीं किसानों के लिए उनकी उपज का वाजिब दाम निर्धारित किया जाएगा। युवाओं के रोजगार हेतु सबसे पहले केंद्र में जो तीस लाख पद रिक्त पड़े हैं, उनकी पूर्ति तत्काल की जाएगी। साथ ही केंद्रीय नौकरियों में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा।

ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के उद्बोधन के पश्चात उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को अपने वार्ड से विजयश्री दिलाने का भरपूर प्रयास करने का वादा किया। बैठक का संचालन उत्तम साहू ने किया। उक्त अवसर पर शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित किया और कहा की आज किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य अगर मिल रहा है, तो उसके सूत्रधार छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल है और उन्होंने आगामी चुनाव के लिए दिशा निर्देश दिए।

# आज 8 लोगों ने जमा किया नामांकन, 16 अभ्यर्थियों ने लिया नाम निर्देशन पत्र





राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए आज 02 अप्रैल 2024 को जिला कार्यालय में कुल 8 नामांकन प्राप्त किए गए। जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल द्वारा 4 नामांकन तथा बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सोनवंशी, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संतोष कुमार पाण्डेय, निर्दलीय अभ्यर्थी रमेश यादव एवं निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली द्वारा 1-1 नामांकन प्राप्त हुए।

इसी तरह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए आज कुल 16 अभ्यर्थियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र लिया। जिसमें राष्ट्रीय जन सभा पार्टी के अभ्यर्थी लाखन सिंह, निर्दलीय अभ्यर्थी हरिचंद ठाकुर, लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी श्रीकांत कसेर, न्याय धर्म सभा के अभ्यर्थी रामफल पाटिल एवं निर्दलीय अभ्यर्थी खिलेश्वर जांगड़े, विरेन्द्र कुमार हिरवानी, मुकेश बंजारे, अर्जुन ध्रुव, चन्द्रपाल कुर्रे, चुम्मन दीवान, रोशनलाल, कोमल अग्रवाल, लक्ष्मीदास, मानसिंग ध्रुव, भुवन लाल सायतोड़े, नरेश कुमार जांगड़े ने नाम निर्देशन पत्र लिया।









स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com